मंगलवार
07 मई 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



मेरे नौकरी के एजेंडे ने मोदी को सड़क पर ला दिया: तेजस्वी 2



मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव पाल के नौकर के घर दबिश

# गजब ! झारखंड में ईडी पहुंची नौकर के घर, 30 करोड़ रुपए से अधिक बरामद

- खबर लिखे जाने तक जारी थी नोटों की गिनती
- झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से जुड़े मामलों में की गई है छापेमारी

**एजेंसी/रांची**

प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को झारखंड की राजधानी रांची में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव पाल के नौकर जहांगीर के घर छापेमारी की। इस दौरान ईडी को भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। ईडी अब तक 30 करोड़ से अधिक कैश की गिनती कर चुकी है। खबर लिखे जाने तक नोटों की गिनती जारी थी। जानकारी के मुताबिक ये छापेमारी झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से जुड़े मामलों में हो रही है। जिन्हें ईडी ने बीते साल मनी लांड्रिंग के मामलों में गिरफ्तार किया था।

जहांगीर रांची में हरमू स्थित सर सैयद रेजिडेंसी में रहता है। उसे पगार के तौर पर महज कुछ हजार रुपए मिलते थे। यह तय माना जा रहा है कि रकम की स्त्रोत की जांच शुरू होते ही इसकी आंच मंत्री आलमगीर आलम तक भी पहुंचेगी। आलमगीर झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता भी हैं। बतौर मंत्री उनके अधीन ग्रामीण विकास और संसदीय कार्य विभाग हैं। इस बीच मंत्री आलमगीर आलम ने कहा, मैं ईडी की छापेमारी की खबर टीवी पर देख रहा हूं। संजीव कुमार मुझसे पहले दो मंत्रियों के पीएस रह चुके हैं। अनुभव देखकर उन्हें अपना पीएस रखा था। इससे ज्यादा इस मामले में फिलहाल कुछ भी कहना उचित नहीं होगा। वहीं भारी मात्रा में कैश की बरामदगी के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसे लेकर झारखंड सरकार पर हमला बोला है। आखिर आलमगीर आलम कौन हैं और इनके करीबियों के ठिकानों पर ईडी क्यों छापेमारी है, विस्तार से समझते हैं। भाजपा ने इसे 'इंडिया' गठबंधन के भ्रष्टाचार का मुद्दा बना दिया है। छापेमारी में बरामद नोटों के ढेर का वीडियो दो घंटे के भीतर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। झारखंड के भाजपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने एक्स अकाउंट पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, "दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस 'लूट मॉडल' की बात कर रहे थे, उसे इन रुपयों ने सत्यापित कर दिया है।



## कौन हैं आलमगीर आलम?

झारखंड की पाकुड़ विधानसभा सीट से चार बार विधायक रहे आलमगीर आलम झारखंड सरकार में दूसरी बार मंत्री बने हैं। इससे पहले आलमगीर आलम 20 अक्तूबर 2006 से 12 दिसम्बर 2009 तक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष पद पर आसीन थे। आलमगीर आलम 2019 में पहली बार मंत्री बने। उन्होंने 29 दिसंबर 2019 को महागठबंधन के हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। सोरेन सरकार में उन्हें संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई। इससे पहले 20 अक्टूबर 2006 से 12 दिसंबर 2009 तक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष पद पर आसीन थे। आलमगीर आलम ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत 1978 में गृह पंचायत महराजपुर से सरपंच पद का चुनाव जीतने के साथ शुरू की थी। उनके चाचा हाजी एनुल हक कांग्रेस के विधायक थे। राजनीति में बढ़ती सक्रियता के बाद चाचा हाजी एनुल हक ने पाकुड़ विधानसभा का उत्तराधिकारी आलमगिर को बना दिया।

## मोदी बोले... टीवी पर देखिएगा नोटों का पहाड़ मिला है

ओडिशा के नबरंगपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपने देखा होगा, अभी घर जाओगे तो टीवी पर देखना। आज यहां पड़ोस में झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं... नोटों के पहाड़। लोगों का चोरी किया माल पकड़ा रहा है मोदी वहां। उन्होंने कहा कि अब मुझे बताइए कि मैं चोरी बंद कर दूं, इनकी कमाई बंद कर दूं, इनकी लूट बंद कर दूं तो ये मोदी को गाली देंगे कि नहीं देंगे? उन्होंने कहा कि गाली खाकर भी मुझे ये काम करना चाहिए कि नहीं करना चाहिए? आप मुझे बताइए कि क्या आपकी पाई-पाई बचानी चाहिए या नहीं? आपके हक का पैस बचाना चाहिए कि नहीं बचाना चाहिए? इसलिए मोदी ने जनधन खातों, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रिशक्ति बनाई कि गरीबों का पैसा लूटना बंद हो गया। अब घर बनाने का पैसा सीधा आपके खाते में, गैस का पैसा सीधा आपके खाते में, मनरेगा, किसान सम्मान निधि का पैस सीधा आपके खाते में जाता है। यानी सबको लाभ, सीधा लाभ, कोई भेदभाव नहीं और ये मोदी की गारंटी है।

## डीएम को अनावश्यक रूप से परेशान न करे ईडी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** रेत के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि वे तमिलनाडु के पांच जिला अधिकारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें। दरअसल, राज्य ने अदालत में शिकायत करते हुए कहा था कि उनके अधिकारियों को रात साढ़े आठ बजे तक ईडी दफ्तर में बैठाया रखा गया। बता दें. इससे पहले दो अप्रैल को अदालत ने पांचों जिला अधिकारियों को ईडी के समक्ष पेश न होने के कारण फटकार लगाई थी। साथ ही अदालत ने पांचों अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे 25 अप्रैल तक ईडी के समक्ष पेश हों।

सोमवार को न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि जिला कलेक्टर ईडी के सामने पेश हुए थे। इस पर ईडी के वकील ने कहा कि वे ईडी के समझ पेश जरूर हुए लेकिन उन्होंने अभी तक एजेंसी को एक भी दस्तावेज नहीं सौंपे हैं। सिब्बल ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि जांच एजेंसी ने समन के जरिए जो कुछ भी मांगा था, वह सब कुछ दे दिया गया है। इस पर ईडी के वकील ने कहा कि ऐसा कोई भी दस्तावेज जमा नहीं किया गया है और हम मामले में हलफनामा भी दायर कर सकते हैं। इस पर पीठ ने कहा कि वे साफ करें कि अभी तक अधिकारियों ने कौन-कौन से दस्तावेज जमा नहीं किए हैं।

# 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों के लिए मतदान आज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के लिए मंगलवार (7 मई) को वोटिंग होनी है। इस चरण में 11 राज्यों की कुल 93 सीटों के लिए मतदान होना है। जिन सीटों पर मतदान है, उनमें गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, मध्य प्रदेश की नौ, छत्तीसगढ़ की सात, बिहार की पांच, असम और पश्चिम बंगाल की चार-चार और दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव और गोवा की दो-दो सीट शामिल हैं।

**यूपी की 10 सीटों पर पड़ेंगे वोटः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखने के लिये प्रयास कर रही हैं। इस सीट पर उन्होंने अपने ससुर और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीत दर्ज की थी। सपा के मुख्य राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव फिरोजाबाद सीट से फिर चुनाव मैदान में हैं। आदित्य यादव सपा का गढ़ मानी जाने बदायूं लोकसभा सीट से अपने चुनावी करियर की शुरूआत कर रहे हैं। तीसरे चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के दिग्गज नेता रहे कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह एटा से ह्यहैट्रिकह्ल बनाने की उम्मीद कर रहे हैं। बरेली में मुख्य मुकाबला बीजेपी के छत्रपाल सिंह गंगवार और सपा के प्रवीण सिंह ऐरन के बीच है। कांग्रेस ने फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिंह सिकरवार को मैदान में उतारा है।

### बिहार में 5 सीटों पर 54 प्रत्याशी मैदान में

बिहार में पांच लोकसभा सीट के लिए कुल 54 उम्मीदवार मैदान में हैं। बिहार की अररिया, सुपौल, झंझारपुर, मधेपुरा और खगड़िया सीट पर मतदान होगा। अभी ये सीटें सत्तारूढ़ एनडीए के पास हैं। तीसरे चरण में जिन तीन सीट पर मतदान होना है उनमें से तीन, सुपौल, झंझारपुर और मधेपुरा, वर्तमान में जेडीयू के कब्जे में हैं। अररिया और खगड़िया सीट चिराग पासवान की अगुवाई वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के खाते में चली गई हैं। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने खगड़िया और झंझारपुर सहित सभी पांच सीट के लिए गहन प्रचार किया लेकिन इन सीट पर उनकी पार्टी चुनाव नहीं लड़ रही है। सीपीएम के बड़े नेता खगड़िया में अपनी अनुपस्थिति के कारण चर्चा में रहे, जहां पार्टी इस बार बिहार में एकमात्र सीट पर चुनाव लड़ रही है। झंझारपुर सीट पर बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी की अगुवाई वाली नवोदित विकासशील इंसान पार्टी चुनाव लड़ रही है। सहनी की पार्टी को बिहार में कुल तीन सीट मिली हैं।

# महाराष्ट्र के नासिक में पीपीई किट पहने आए शख्स ने उड़ाए लिये 4.92 करोड़ रु. के गहने

**एजेंसी/नासिक**

महाराष्ट्र के नासिक शहर में सोने की चोरी की एक बहुत बड़ी घटना सामने आई है। यहां गंगापुर नाका इलाके में स्थित इंदिरा हाइट्स वाणिज्यिक परिसर में दो अज्ञात चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। चोरी हुए सोने की कीमत करीब 4 करोड़ 92 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज करके चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, चोरी की ये वारदात शनिवार तड़के हुई है। उस वक्त दो चोर होम फाइनेंस कंपनी इंदिरा हाइट्स के परिसर में घुस गए। वहां 222 ग्राहकों के 4.92 करोड़ रुपए के सोने के गहने सेफ्टी लॉकर में रखे गए थे। नकाबपोश चोरों ने लॉकर में रखे सारे सोने के गहने चुरा लिए। एक कर्मचारी ने शनिवार शाम को लॉकर खाली देखा था।


इसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने जांच के दौरान कंपनी के ऑफिस में लगे सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात व्यक्तियों को एक केबिन की खिड़की से परिसर में प्रवेश करते हुए देखा। उन्होंने सेफ्टी लॉकर को खोलने के लिए कार्यालय की चाबियों का उपयोग किया था। इसके बाद सोने के गहने के साथ भागते नजर आए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहचान छुपाने के लिए एक चोर ने सफेद पीपीई किट पहन रखी थी, जबकि दूसरे ने सफेद टोपी और चेहरे पर मास्क लगा रखा था। कंपनी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# एक बार दिलीप घोष को जिता दें, गुंडों को हम सीधा कर देंगे

### दुगार्पुर में चुनावी सभा में गरजे अमित शाह

**एजेंसी/दुर्गापुर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। अमित शाह ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर तंज करते हुए कहा कि टीएमसी के गुंडे यहां के गरीब मजदूरों की मजदूरी की उगाही करके भतीजे को देते हैं। रैली में भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष का समर्थन करते हुए अमित शाह ने कहा, एक बार यहां से दिलीप घोष को जिता दो, इन गुंडों को हम सीधा कर देंगे। उन्होंने टीएमसी पर कटाक्ष करते हुए कहा, ये लोग कटमनी चलाते हैं, घुसपैठ कराकर अपना वोट बैंक बनाते हैं। ममता दीदी, आपको शर्म आनी चाहिए, सरहदी राज्य में आप घुसपैठ को बढ़ावा देती हो और घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाती हो। सोमवार को हुगली में बस विस्फोट पर अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार और चुनावी हिंसा आम हो चुकी है। ममता बनर्जी डराना चाहती है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों को तैनात किया है। अमित शाह ने लोगों से से कहा कि उन्हें ममता बनर्जी से डरने की कोई जरूरत नहीं है।



संदेशखाली मुद्दे पर अमित शाह ने फिर एक बार ममता सरकार को घेरा। उन्होंने टीएमसी पर धर्म के आधार पर सैकड़ों महिलाओं पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा, ममता बनर्जी संदेशखाली के अपराधियों को पकड़ने को तैयार नहीं थीं। हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी जांच नहीं की, तो हाई कोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपी।" उन्होंने बंगाल की सीएम से कहा, "आपको शर्म आनी चाहिए, आप महिला मुख्यमंत्री हो और आपकी नाक के नीचे सैकड़ों माताओं-बहनों पर अत्याचार हुआ, लेकिन आपके पेट का पानी नहीं हिला।" अमित शाह ने आगे कहा कि संदेशखाली में जिसने अत्याचार किया है, वो अगर पाताल में भी छिप जाए तो भी हम उसे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा देंगे।

# सीएपीएफ में सिपाही भर्ती प्रक्रिया सवालों के घेरे में मेडिकल जांच में 60 अनफिट को बता दिया फिट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में सिपाही पद के लिए संपन्न हुई भर्ती प्रक्रिया, सवालों के घेरे में है। हैरानी की बात ये है कि मेडिकल जांच में 60 अनफिट उम्मीदवारों को फिट बता दिया गया। ज्वाइनिंग के वक्त हुए मेडिकल में यह मामला खुल गया। मामले की प्रारंभिक जांच हुई। सीएपीएफ के एडीजी मेडिकल ने इस मामले को सही पाया। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट भेजी। सीआरपीएफ सहित कई बलों के डॉक्टर रडार पर आ गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए गृह मंत्रालय ने 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' के आदेश जारी कर दिए।

विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, यह मामला सिपाही जीडी भर्ती 2018 से जुड़ा है। उस भर्ती में 60 उम्मीदवार ऐसे थे, जो मेडिकल आधार पर अनफिट थे, लेकिन जांच में उन्हें फिट दिखाया गया। इनमें से 17 युवाओं का मेडिकल सीआरपीएफ के डाक्टरों ने किया था। खास बात है कि 17 में से सात उम्मीदवारों का चयन सीआरपीएफ के लिए हुआ था। बाकी उम्मीदवारों को दूसरे बल अलॉट किए गए थे। इस मेडिकल प्रकिया को संपन्न कराने के मकसद से सीआरपीएफ के 16 मेडिकल अफसर/सीएमओ की ड्यूटी लगाई गई। इनके द्वारा मेडिकल जांच में फिट बताए गए उम्मीदवार, ज्वाइनिंग के वक्त अनफिट मिले। मेडिकल अफसर, सीनियर मेडिकल अफसर/सीएमओ, सीआरपीएफ के समूह केंद्र 'जीसी' पुणे और नागपुर सहित कई दूसरे ग्रुप सेंटरों पर कार्यरत थे।

# फिर बोले राहुल... लोगों से आरक्षण छीनना चाहते हैं प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी/तेलंगाना**

लोकसभा चुनाव की शुरूआत के साथ ही कांग्रेस ने आरक्षण का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया है। राहुल गांधी ने सोमवार को फिर तेलंगाना में अपने रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरक्षण खत्म करने की कोशिश करने और संविधान बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ओबीसी, एससी-एसटी जनता से आरक्षण छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्ग के लोग आगे न बढ़ें। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है। उसके तमाम नेता लगातार 400 सीटें लाकर देश का संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। जनता को यह खतरा समझना होगा और इसे देखते हुए कांग्रेस का साथ देना होगा।



## नीट परीक्षा का पेपर लीक होने की आशंका

**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से मेडिकल में दाखिले के लिए रविवार को बिहार समेत देश भर में नीट यूजी का इंट्रेंस एग्जाम का आयोजन किया गया था। बिहार पुलिस को पटना में पेपर लीक होने की आशंका है। केंद्रीय एजेंसियों की सूचना पर पटना पुलिस ने शास्त्री नगर थाने में इसको लेकर एक प्राथमिकी भी दर्ज करवाई है। इतना ही नहीं पुलिस ने आठ ऐसे संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। पुलिस को पेपर की स्कैन कॉपी भी मिली है। यह कॉपी दानापुर के लड़के के मोबाइल पर भेजी गई थी। इसके अलावा पूर्णिया में चार और हाजीपुर में एक फर्जी परीक्षार्थी भी धराया है।




### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

# गौ माता को पूजनेवाले गौकशी को बर्दाश्त नहीं कर सकते

**केटी न्यूज/उन्नाव**

कांग्रेस और सपा का इतिहास प्रभु राम का विरोध करने वाला रहा है। कांग्रेस कहती थी कि प्रभु राम हुए ही नहीं जबकि सपा कहती थी कि अयोध्या में एक भी परिंदा पर नहीं मार सकता है। यह इनका दोहरा चरित्र है। ऐसे में आप सभी को इन पर कभी विश्वास नहीं करना है। देश को सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए तीसरी बार फिर से मोदी सरकार बनानी है। अब तक दो चरणों में 191 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यहां पर लोगों के मन में मोदी सरकार को दोबारा लाने के लिए एक नई उत्सुकता देखने को मिली है। यह अचानक नहीं हुआ बल्कि पिछले 10 वर्षों में देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो परिवर्तन किया गया है, यह इसी का नतीजा है। हम अगर वर्ष 2014 से पहले और बाद के कार्यों की तुलना करें तो जमीन-आसमान का अंतर नजर आएगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी और सांसद साक्षी महाराज के पक्ष में वोट की अपील की।



सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में जहां एक ओर रामलला विराजमान हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े माफिया की राम नाम सत्य की यात्रा निकल रही है। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन के मेनिफेस्टो में अल्पसंख्यकों को खाने पीने की पूरी स्वतंत्रता देने की बात कही गयी है। यह जनता को नहीं बता रहे हैं कि ऐसा कौन सा खानपान है जो बहुसंख्यक समाज नापसंद करता है। दरअसल, बहुसंख्यक समाज गौ माता की पूजा करता है और वह गौकशी को बर्दाश्त नहीं कर सकता है। वहीं अल्पसंख्यक समाज गौमांस को पंसद करता है। ऐसे में हम किसी की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता कतई नहीं देंगे। इसके लिये चाहे हमे कोई भी कीमत चुकानी पड़े।

## पटना में 12 को होनेवाले पीएम मोदी के रोड शो पर तेजस्वी का तंज

# पूर्व उपमुख्यमंत्री बोले... मेरे नौकरी के एजेंडे ने मोदी को सड़क पर ला दिया है

**केटी न्यूज/पटना**

आगामी 12 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटना में रोड शो करेंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री का बिहार में यह पहला रोड शो होगा। पीएम मोदी के रोड शो से पहले ही विपक्षी खेमे में खलबली मच गई है और अब इसपर सियासत भी शुरू हो गई है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने रोड शो को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। तेजस्वी ने कहा कि उनके नौकरी के एजेंडे ने पीएम मोदी को रोड पर ला दिया है। बीजेपी के लोग तो पटना साहिब को सबसे सुरक्षित सीट मानते रहे हैं। बहुत अच्छा है कि पांच साल बाद फिर से आ रहे हैं। जिसे ये लोग सबसे सुरक्षित सीट मानते थे, वहां भी पीएम मोदी को आकर रोड शो करना पड़ रहा है। हम तो पहले ही कह रहे हैं कि चौंकाने वाला रिजल्ट आएगा। इस चुनाव में भाजपा वालों की हालत



खराब है। तेजस्वी के व्हील चेयर पर बैठने को लेकर एनडीए द्वारा सवाल उठाने पर उन्होंने कहा कि इंज्यूरी है तो बैठ गए। लेकिन इसके बावजूद भी हम फिल्ड में हैं और चाहे जिस भी हालत में हों, अपना काम तो कर ही रहे हैं। तीसरे चरण की सभी सीटों पर जीत का दावा करते हुए तेजस्वी ने कहा कि भाजपा के लोग यहां समाप्त हो गए हैं। एनडीए पूरी तरह से खत्म हों चुकी है। हम तो लंगड़े पैर में भी उनसे ज्यादा तेज दौड़ लेंगे। बता दें कि आगामी 12 मई को पीएम मोदी पटना में रोड शो करने वाले हैं। पीएमओ से इसकी मंजूरी मिलने के बाद बीजेपी पीएम के रोड शो को भव्य बनाने के लिए तैयारी में जुट गई है। रोड शो के बाद पीएम मोदी पटना में ही रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन यानी 13 मई को प्रधानमंत्री हाजीपुर, वैशाली और सारण में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

## पहले अपनी पार्टी की चिंता करें तेजस्वी यादव : जेडीयू विधायक शालिनी मिश्रा ने दी नसीहत

**केटी न्यूज/ पटना**

जेडीयू की विधायक शालिनी मिश्रा ने तेजस्वी यादव को नसीहत दी है कि वो अपनी पार्टी आरजेडी की चिंता करें। उनकी पार्टी खत्म हो रही है। दरअसल, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि वर्ष 2024 के अंत तक नीतीश की पार्टी जेडीयू खत्म हो जाएगी। तेजस्वी यादव के इसी बयान पर पलटवार करते हुए शालिनी मिश्रा ने तेजस्वी को सलाह देते हुए कहा कि वह अपनी पार्टी की चिंता करें। क्योंकि उनकी पार्टी आरजेडी खत्म हो रही है। यह परिवार की पार्टी बन गयी है। आरजेडी में परिवार के लोगों को ही आगे बढ़ाया जा रहा है। यह परिवारवाद वाली पार्टी बनकर रह गयी है। राजद में सिर्फ परिवार के लोग ही नजर आते हैं। जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जेडीयू और मजबूत हुई है और आगे भी और मजबूत होगा। शालिनी मिश्रा ने कहा कि बिहार की जनता हमारे साथ है। इस चुनाव में भी यहीं देखने को मिल रहा है। टिकट उन्हें ही दिया गया है जिनकी ऊंची रसूख थी। आम कार्यकर्ताओं को राजद में कोई कद्र नहीं है। कार्यकर्ताओं को हीन भावना से देखा जाता है। उन्हें टिकट नहीं दिया गया है। विकास के मुद्दे पर कोई बात नहीं किया जाता है। बल्कि हर बात में पीएम मोदी को दोषी ठहराया जाता है। जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। ऐसी पार्टी का अस्तित्व समाप्त हो जाना चाहिए।

## बिहार के 19 जिलों में भीषण गर्मी से मिल सकती है राहत, मौसम विभाग ने कहा हो सकती है बूंदाबादी

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के अधिकतर जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। 7 मई को तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के दिन मतदाताओं को भीषण गर्मी और लू से राहत मिलेगी। प्रदेश की पांच सीट अररिया, मधेपुरा, सुपौल, खगड़िया और झंझारपुर में मतदान होगा। मौसम विभाग की माने तो मौसम मतदाताओं का साथ देगा। विभाग के मुताबिक सोमवार को प्रदेश के 19 जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा और हल्की बारिश होने की संभावनाएं जताई गई है। इसको लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।वहीं, कल 7 से 10 मई के दौरान राजधानी समेत प्रदेश के अधिकतर जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन, वज्रपात के साथ 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। इसको लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से आज प्रदेश के 19 जिलों में 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा, हल्की बूंदाबांदी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। जिसमें किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर मौसम में आयी थोड़ी सी नरमी ने उम्मीदवारों को राहत प्रदान कर दी है। अन्यथा इस भीषण गर्मी में उम्मीदवार चाह कर भी घर-घर अपना चुनाव प्रचार नहीं कर पा रहे थे। प्रशासन भी इस बात से डरा हुआ था कि भीषण गर्मी होने के कारण वोटिंग प्रतिशत में गिरावट आ सकती है। परंतु मौसम में आयी नरमाहट ने फिर से प्रत्याशी सहित कार्यकर्ताओं में नई जान फूंक दी है। हालांकि अब यह देखना है कि मौसम की नरमी कितने दिनो के लिए है।




## कोर्ट में गवाही देने आये युवक ने कटघरे में जज से कहा... मैंने थोड़ी से पी ली है

**केटी न्यूज/ भागलपुर**



भागलपुर में कोर्ट में गवाह देने पहुंचे एक युवक लड़खड़ाते कदमों से कटघरे में खड़ा हुआ। गवाह को झूमते देखकर जज को शक हुआ। इसके बाद विशेष लोक अभियोजक उत्पाद-2 भोला मंडल को जांच का निर्देश दिया गया और इसकी जानकारी उत्पाद विभाग को दी गई। जानकारी के बाद उत्पाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शराब पीने की पुष्टि। इस दौरान गवाह ने भी अपना जुर्म कबूल किया। उसने शराब पीने की बात कही मामला जिले के न्यायपालिका स्थित कोर्ट भवन का है, जहां उत्पाद कोर्ट - 2 में गवाह देने आये एक शख्स को न्यायाधीश ने जेल भेज दिया। विशेष न्यायाधीश ने शराब पीने के जुर्म में रंजीत सिंह पर उत्पाद अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। 82 फिसदी अल्कोहल पाया गया नवगछिया के एक मामले में गवाही देने के लिए एक युवक को हाजिर किया गया था। युवक शराब के नशे में धुत था। उत्पाद कोर्ट के विशेष न्यायाधीश के सामने गवाह को इजलास पर बुलाया गया। गवाह इजलास में खड़ा हुआ और उससे पूछताछ शुरू हुई। नशे में झूमते गवाह को देखकर पहले शक हुआ और फिर उस शक की पुष्टि के लिए गवाह से झुमने का कारण पूछा गया। तब गवाह ने बताया कि थोड़ी सी पी ली है। इस संबंध में विशेष लोक अभियोजक उत्पाद कोर्ट-2 भोला मंडल ने बताया कि नवगछिया के एक मामले में गवाही के तौर पर रंजीत कुमार सिंह की पेशी थी, जहां वह युवक शराब के नशे में पाया गया। शराबी युवक का ब्रेथ एनालिसिस किया गया। जिसमें अल्कोहल पाए जाने पर उसे मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया। हालांकि पूछताछ के दौरान रंजीत ने खुद भी शराब पीने की बात बताई। फिर कोर्ट के आदेश पर रंजीत कुमार सिंह का ब्रेथ एनालाइजर किया गया। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया।

## इधर-उधर करने वालों से मुक्ति ले लेंगे : सीएम नीतीश

**पटना।** समस्तीपुर सीट पर दो मंत्रियों के बच्चे आमने-सामने समस्तीपुर लोकसभा सीट पर बिहार सरकार के दो मंत्रियों के बच्चे आमने-सामने हैं। मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी एनडीए की प्रत्याशी है तो मंत्री महेश्व हजारी के बेटे सनी हजारी इंडी गठबंधन के उम्मीदवार। रविवार को सीएम नीतीश समस्तीपुर के कल्याणपुर में शांभवी के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे, लेकिन कल्याणपुर से जेडीयू विधायक और मंत्री महेश्वर हजारी इस चुनावी सभा में शामिल नहीं हुए थे। इसे लेकर मंच से मुख्यमंत्री नीतीश ने महेश्वर का बिना नाम लिए कहा कि विधायक लोग इधर-उधर नहीं करें। ऐसा करने वालों से वे चुनाव के बाद मुक्ति ले लेंगे। उन पर कांग्रेस के उम्मीदवार और उनके पुत्र सनी हजारी को चुनाव में मदद करने का आरोप है। इस बयान के बाद कयास लाने लगे हैं कि महेश्वर हजारी को चुनाव के बाद मंत्री पद हटा दिया जाएगा। हालांकि इस बयान के बाद इलाके में नीतीश व लोजपा विरोधी लोगों की गोलबंदी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी के पक्ष में समस्तीपुर के कल्याणपुर में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। इसी दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग एक साथ रहे हैं। एक साथ रहेंगे काम करते रहेंगे। कोई बाएं-दाएं हमलोगों के उम्मीदवार के खिलाफ यहां पर गड़बड़ कर रहा है तो चुनाव के बाद उससे मुक्ति ले लेंगेसमस्तीपुर लोकसभा सीट पर जनता दल यूनाइटेड के दो मंत्रियों के बेटा-बेटी चुनाव लड़ रहे हैं। एनडीए गठबंधन से चिराग पासवान की पार्टी लोजपा रामविलास से बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी को चुनावी मैदान में है। वहीं, सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सनी हजारी कांग्रेस की टिकट पर समस्तीपुर से चुनाव लड़ रहे हैं।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत

**सहरसा।** सहरसा में भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। दोनों आपस में चाचा-भतीजा थे और एक बारात में शामिल होने के बाद वापस घर लौट रहे थे। तभी एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार चाचा-भतीजा को रौंद डाला। घटना जलई ओपी क्षेत्र के भेलाही पुल के पास की है। दोनों जमालपुर थानाक्षेत्र के मलय गांव के रहने वाले 40 वर्षीय अमरजीत साह और उनका 18 साल का भतीजा कुंदन कुमार बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, रविवार को दोनों चाचा-भतीजा एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे।

## तीसरे चरण का मतदान आज : खगड़िया सहित 5 लोस सीटों पर मतदान की प्रशासनिक तैयारियां पूरी

**केटी न्यूज/ पटना**



लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान आज 7 मई को होगा। बिहार के झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। जो असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किये जाएंगे। खगड़िया संसदीय क्षेत्र के लिए कल होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। वोटिंग को लेकर सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1,865 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। जहां कुल 18 लाख, 40 हजार, 217 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके चुनाव में खड़े कुल 12 प्रत्याशियों के भाग्य का कल फैसला करेंगे। शहर के कृषि बाजार समिति स्थित वज्रगृह से एश्ट के साथ पोलिंग पार्टी अपने बूथों के लिए रवाना हो रहे हैं। चुनाव को भयमुक्त और शांतिपूर्ण कराने को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बूथों पर अधिकारियों के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया है। दियारा इलाके में 12 ड्रोन और घुड़सवार पुलिस को तैनात किया गया है। जबकि नदी मार्ग पर पुलिस नाव पर सवार होकर गश्त करेगी। कुल मिलाकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम के दावे किये गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम की माने तो खगड़िया संसदीय क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र हैं। खगड़िया जिला के चार, समस्तीपुर का एक और सहरसा जिला का एक विधानसभा क्षेत्र इसमें शामिल है। इन सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से शाम के 6 बजे तक मतदान होंगे।




### दंपति के माता-पिता बोले- विदेश में रहने वाले लोग सिर्फ पर्व-त्योहार में अपने घर आते हैं चुनाव भी बड़ा उत्सव

## कैलिफोर्निया से मताधिकार का प्रयोग करने बिहार आया कपल

**केटी न्यूज/वैशाली**



वोट और चुनाव को लेकर बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर के कुतुबपुर के रहने वाले आशुतोष और रीमा कुमारी की कहानी काफी इंस्पायर करती है। मजबूत लोकतंत्र के लिए एक वोट की अहमियत क्या होती है! अगर इस सवाल जवाब जानना है तो आपको बिहार के इस खास कपल की खबर जरूर पढ़नी चाहिए। लोकतंत्र के इस पर्व को मनाने के लिए कैलिफोर्निया लॉस एंजिल्स में रहने वाला यह कपल खास तौर पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत लौटा है। आशुतोष सिंह एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स अपने परिवार के साथ रहते हैं। आशुतोष ने बताया कि पहले उन्हें 19 अप्रैल को कैलिफोर्निया से दुबई होते इंडिया आना था लेकिन, वहां तेज बारिश होने लगी। उन्होंने 29 अप्रैल को वहां से अपनी फ्लाइट ली और भारत अपने घर पहुंचे। आशुतोष ओर उनकी पत्नी रीमा कुमारी मानती हैं कि देश-विदेश में नरेंद्र मोदी ने बहुत नाम किया है। हर जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम का चर्चा होती है। नरेंद्र मोदी जब विदेश में आते है तो ऐसा लगता है कोई परिवार का सदस्य आया है। जब यह दंपति वोट देने के लिए अपने गांव पहुंचा तो परिवार के लोगों मे भी काफी खुशी देखने को मिली। आशुतोष के पिता अवधेश सिंह और मां सुधा कुमारी का कहना है कि विदेश में रहने वाले लोग सिर्फ पर्व-त्योहार में अपने घर आते हैं। चुनाव भी एक बड़ा उत्सव है जिसको मनाने के लिए बहु और बेटा गांव पहुंचे हैं। विदेश से वोट देने हाजीपुर पहुंचे इस कपल का मानना है कि भारत लोकतंत्र की जननी है। ऐसे में देश को मजबूत करने के लिए वोट देना जरूरी होता है। इस कपल का कहना है कि जिस तरह से विदेशों में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं और अपने देश को मजबूत बनाते हैं। उसी तरह हमें भी लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में अपने वोट का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील किया गया कि अपना वोट जरूर दें।

# चौसा में पहले मतदान फिर जलपान के स्लोगन के साथ निकली जागरूकता रैली

**केटी न्यूज/चौसा**

आगामी एक जून को बक्सर लोकसभा संसदीय क्षेत्र का चुनाव कराया जाना है। जिसको लेकर पूरे जिला क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ताकि मतदान की प्रतिशतता कम न हो। इसी कार्यक्रम के तहत चौसा नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता पदाधिकारी मो.अरसद अख्तर के नेतृत्व में नपं कर्मियों द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहा मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। यह रैली विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से नगर पंचायत चौसा कार्यालय से दुर्गा मंदिर, बारे मोड़ होते हुए नरबतपुर में शेरशाह हुमायूं युद्धस्थल फिर वापस नगर पंचायत कार्यालय पहुंची। इस रैली में स्लोगन के माध्यम से बताया गया कि आगामी एक जून को लोकसभा का चुनाव है, जिसमे हर लोग अपने बूथ पर जाकर अपने अधिकार का प्रयोग कर शत-प्रतिशत मतदान करें। पहले मतदान फिर करे जलपान आदि आदि स्लोगनों से लोगों को मतदान के प्रति उत्प्रेरित किया गया। यह सभी से अपील किया गया कि मतदान अवश्य करें। इस मौके पर सहायक लोक स्वच्छता एवम अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, पर्यवेक्षक श्रीमन नारायण पाण्डेय, नरेंद्र कुमार, विजय राम, धर्मेंद्र कुमार, नूर मोहम्मद, राकेश कुमार, नीलम देवी, शिव कुमारी देवी, रेहाना बेगम, सुनीता कुमारी के साथ अन्य सफाई मित्र उपस्थित रहे।




## मजबूत लोकतंत्र के लिए युवाओं में नवीन विचार जरूरी : अभिराम

**बक्सर।** बक्सर जिले के चौसा एवं राजपुर क्षेत्र में सड़क, नुक्कड़ एवं बाजार में युवक-युवतियों का समूह मास्क पहने, एक जून को होने वाले लोकहित का पर्व चुनाव में शत प्रतिशत मतदान एवं जनभागीदारी के लिए अलख जगाते दिखाई पड़े। शहर में यह समूह रूद्रा के नाम से जाने जाते हैं, इसके अधिकांश सदस्य युवा है जो देशहित एवं सबल, सचेत, सुरक्षित एवं स्वस्थ्य समाज के निर्माण के लिए संकल्पित है। रूद्रा से जुड़े युवा राष्ट्रहित एवं जनहित में क्रियान्वित सभी सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। जिला प्रशासन व स्वीप कोषांग के निर्देश पर रूद्रा द्वारा विभिन्न गांवों में नुक्कड़ नाटक, मास्क पहनकर नारा एवं जनसंवाद कर रहे हैं, ताकि बक्सर के युवाओं की भागीदारी शत प्रतिशत सुनिश्चित हो। यह प्रयास है कि इसमें सभी की भागीदारी हो। रूद्रा का यह समूह युवाओं के बीच किताब, कसरत, कौशल के साथ प्रकृतिवाद के उपर कार्य करता हैं। रूद्रा युवाओं को हिंसा के विरुद्ध आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देती है, वहीं बच्चों को प्रकृति के साथ संवेदना के स्तर पर जोड़ने के लिए पर्वतारोहण, ट्रैकिंग जैसे साहसिक गतिविधियों को माध्यम बनाती है।

# चौसा राजपुर का लाइफ लाइन निकृष नहर कैनाल अब तक नहीं हो पाया



♦ किसानों की लाइफ लाइन नहर दो साल पहले होनी थी चालू

**केटी न्यूज /बक्सर**

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना और किसानों के लिए लाइफ लाइन साबित होने वाली 64.23 करोड़ की निकृष नहर परियोजना का कार्य अभी अधर में लटका हुआ है। इस योजना से राजपुर और चौसा प्रखंड के दर्जनों गांव की हजारों एकड़ भूमि सिंचित होने वाली है। इस इलाके रहने वाले चन्द्रकेतु पांडेय बताते हैं कि कजरियां, नागरपुर, रामपुर, डेहरी, संग्राव मंगरांव आदि पंचायतों को लाभ मिलना है। लेकिन, यह लोग समझ नहीं पा रहे हैं यह नहर कैनाल चालू कब होगा। क्योंकि बार-बार इसका समय बढ़ता ही जा रहा है। जबकि 25 मई से रोहिणी नक्षत्र चढते ही किसान धान के बिचड़े डालने लगते है। लेकिन मंद गति से चल रहे कार्य से मानो इस बार भी धान की पटवन भगवान भरोसे ही होगा। परियोजना स्थल पर लगा बोर्ड पर पूरा ब्यौरा अंकित है। बोर्ड पर प्रोजेक्ट को पूरा करने का आखिरी समय लगभग 30 जून 22 तक है। लेकिन साल 2024 का पहला क्वार्टर बीतने वाला है, अभी भी इस नहर परियोजना के चालू होने का कोई संकेत नहीं मिल रहा है। किसानों के मन में यह भी सवाल उठता है कि आखिर हो रही इस देरी के लिए जिम्मेदार कौन है।

**सिविल का कार्य हुआ पूरा, पाइप लाइन और रोड़ क्रॉसिंग कल्वर्ट का काम बाकी:** इस कार्य को पुरा करने का जिम्मा दो एजेंसी पर था। पहला सिविल निर्माण का कार्य मेजर्स बैद्यनाथ निर्माण प्राइवेट लिमिटेड के जिम्मे था। हालांकि लेट-लतीफ ही अपना कार्य इस एजेंसी ने पूरा कर दिया। मैकेनिकल का काम देख रही फ्लो मोड एजेंसी ने पाइपलाइन कनेक्शन का कार्य प्रारंभ किया। एक अभियन्ता के मुताबिक 98 प्रतिशत पाइपलाइन बिछाने का काम भी पूरा कर लिया गया है। लेकिन रोड क्रॉसिंग कन्वर्ट बनने के बाद शेष दो परसेंट कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन सवाल यह उठता है कि यह रोड क्रॉसिंग कन्वर्ट कब बनकर तैयार होगा। इसे कौन बनायेगा। बताया जाता है कि इसके लिए टेंडर निकाला गया था। कुछ लोगों ने कोट भी किया। लेकिन अभी तक रोड क्रॉसिंग कन्वर्ट बनाने का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। जो निकृष के पास ही चौसा

## खबरें फटाफट

### साइबर क्राइम के शिकार हुए भाजपा नेता सह अधिवक्ता

**बक्सर।** साइबर अपराधियों ने डुमरांव के भाजपा नेता सह अधिवक्ता राजीव कुमार भगत को अपना शिकार बनाया है। उनके मोबाईल पर फोन कर साइबर अपराधियों ने उनके क्रेडिट कार्ड का इंश्योरेंस पॉलिसी डिएक्टिवेट करने के नाम पर झांसे में ले 25 हजार रूपए उड़ा लिए है। पीड़ित ने बताया कि सोमवार की सुबह लगभग 10 .45 बजे में मोबाइल संख्या 9097119813 पर फोन आया, जो खुद को स्टेट बैंक का अधिकारी बता रहा था। उसने कहा कि सर आपका क्रेडिट कार्ड का इंश्योरेंस पॉलिसी अभी भी एक्टिवेट दिख रहा है, कस्टमर केयर से फोन आया कि नहीं, मैं बोला नहीं, इसी बीच बोला की कस्टमर केयर से एक लिंक मेरे व्हाट्सएप पर आया। जिसमें नाम, खाता संख्या, और शिकायत भरना था। मैने उसे भर दिया, तब वह फोन कर बोला कि आप इस पेज को खोलकर रखिए कॉल आएगा। मैं पेज खोलकर कॉल आने का इंतजार करता रहा, इसी बीच मेरे मैसेज बॉक्स में मैसेज आ रहा था जिसमें ओटीपी के साथ 25000 रुपया एसबीआई डुमरांव की खाता संख्या 11747950305 से कटने की सूचना थी। जिसे देख मेरे होश उड़ गए तथा मैं तत्काल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डुमरांव ब्रांच में पहुंचकर इसकी शिकायत की। वही बैंक से ट्रांजेक्शन विवरण निकलवाया और साइबर सेल संख्या 1903 पर शिकायत दर्ज करवाया। अधिवक्ता ने कहा कि इसका एफआईआर साइबर थाना बक्सर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इलाज कराने जाने के लिए किसी से उधार 30 हजार रूपया लिए थे। जिसे साइबर अपराधियों ने उड़ा लिया है।

### देसी शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

डुमरांव। शहर के साफाखाना रोड़ स्थित दलित बस्ती में छापेमारी कर पुलिस ने चार लीटर देसी शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान गोविंद मुसहर की पत्नी मंती देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी महिला अपने मोहल्ले में देसी शराब की बिक्री कर रही है। पुलिस की टीम वहां पहुंची और महिला तस्कर को धर-दबोचा।

## मतदाता पर्ची के वितरण में गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

# हर घर दस्तक अभियान से वोटरों में बढ़ेगा उत्साह: डीएम

♦ डुमरांव में कार्यक्रम आयोजित कर डीएम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया प्रेरित दिए कई आवश्यक निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बक्सर लोकसभा के चुनाव को भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में कराने को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इस बार संसदीय क्षेत्र में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन वोटरों के दरवाजे तक दस्तक देना शुरू कर दिया है। वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता के साथ आगामी एक जून को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की अपील की गयी है। जिला प्रशासन के इस पहल से वोटरों में उत्साह है। सोमवार को डुमरांव प्रखंड कार्यालय के सभागार में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डुमरांव विधानसभा की समीक्षा बैठक आयोजित की। जिसमें सभी सेक्टर पदाधिकारियों सहित अन्य चुनावी कर्मियों को सभी बूथों पर 70 फीसदी से अधिक मतदान कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। डीएम ने कहा कि हर घर दस्तक अभियान योजना से बेहतर परिणाम मिलेंगे। इसके लिए टीम भावना से मतदान प्रतिशत की बढ़ोतरी को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। बैठक के दौरान डुमरांव विधानसभा के सभी सेक्टर पदाधिकारी और निर्वाचन में कम मतदान प्रतिशत वाले बीएलओ के साथ कई तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि आने वाले समय में घर-घर जाकर सही तरीके से मतदाता पर्ची का वितरण और इसकी देखरेख सभी सेक्टर पदाधिकारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी के जिम्मे होगी। मतदाता पर्ची के वितरण में गड़बड़ी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। ईवीएम कमीशनिंग के दौरान सभी सेक्टर पदाधिकारी को ईवीएम की पूरी जानकारी प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ सह अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि डुमरांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 335 बूथों में 259 बूथों पर कम मतदान हुआ था, जबकि सात बूथों पर 40 फीसदी से भी कम मतदान हुए थे। सभी सेक्टर पदाधिकारी को ईवीएम रिप्लेसमेंट प्लान के बारे में स्पष्ट रूप से अवगत कराते हुए निर्देशित किया गया कि मतदान के दिन ईवीएम में तकनीकी खराबी आने पर त्वरित कारवाई करना सुनिश्चित करेंगे ताकि किसी भी प्रकार से मतदान कार्य में विलंब न हो। ईवीएम कमीशनिंग के दौरान सभी सेक्टर पदाधिकारी को ईवीएम की पूरी जानकारी प्राप्त करने का निर्देश दिया ताकि निर्वाचन के दिन सुव्यवस्थित रूप से मतदान संपन्न हो।

**70 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की कार्ययोजना बनाने का दिया निर्देश:** डीएम ने सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं जैसे शेड, स्वच्छ पेयजल, व्हीलचेयर, रैंप इत्यादि उपलब्ध कराने के लिए सभी सेक्टर पदाधिकरी, संबंधित बीएलओ एवं संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। वही, प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 70 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की कार्य योजना तैयार करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। कम मतदान प्रतिशत वाले बीएलओ की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लोक सभा आम निर्वाचन 2019 और विधानसभा निर्वाचन 2020 के दौरान कम मतदान प्रतिशत वाले केंद्र पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कार्य योजना तैयार करेंगे। साथ ही 104 बूथों को संवेदनशील घोषित किया गया है।

# भ्रष्टाचार छिपाने के लिए सारे भ्रष्टाचारी एकजुट हो मोदीजी को हराने का कर रहे प्रयास:तिवारी

♦ एनडीए प्रत्याशी ने राजपुर विस के इटाढ़ी प्रखंड के गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान, मांगा आर्शीवाद



**बक्सर।** देश के सभी भ्रष्टाचारी अपना भ्रष्टाचार छिपाने के लिए एकजुट हो मोदीजी को हराने का प्रयास कर रहे है। लेकिन, जनता सब जानती है। इस चुनाव में भ्रष्टाचारियों को देश की जनता सबक सिखाएगी। उक्त बातें बक्सर संसदीय क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश कुमार तिवारी ने कही। वे सोमवार को राजपुर विधानसभा के इटाढ़ी प्रखंड अंतर्गत उनवांस मंडल के कुकुढा, लोहंदी, चिलहर, कल्याणपुर, चिलबिली, इंदौर, बकसड़ा, बसंतपुर, लोधास और सांथ गांवों का भ्रमण कर मतदाताओं से आशीर्वाद लिए। इस दौरान मतदाताओं एवं कार्यकताओं द्वारा गांवों में चौपाल कार्यक्रम लगाया गया, जिसमें प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी उपस्थित हो हर एक लोगों से हाल-चाल पूछा और 10 तारीख को नामांकन में उपस्थित होने का न्योता दिया। आप सभी अपना आशीर्वाद पहले मोदीजी को और बाद में हमें दें ताकि आपका आशीर्वाद पा कर मोदीजी का दाहिना हाथ बन सकुं। एनडीए प्रत्याशी ने चौपाल में उपस्थित मतदाताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि बक्सर के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। इस बात पर सभा में शामिल सभी लोगों ने नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद और मिथिलेश तिवारी जिन्दाबाद, फिर एक बार मोदी सरकार तथा अबकी बार 400 पार जैसे नारे लगाए। यात्रा के क्रम में बक्सर में पूर्व सैनिक संघ के सदस्यों द्वारा मिथलेश तिवारी को चुनाव में मदद का समर्थन मिला। मौके पर डॉ पीके पांडेय और रामनाथ सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोविंद सिंह, दिनेश सिंह,लाला सिंह, निर्भय राय, पूनम रविदास, चुन्नु सिंह, तेज प्रताप सिंह , सहित अन्य उपस्थित थे।

# परदेश से लौटने के क्रम में ट्रेन से गिरकर राजपुर के युवक की मौत, घर मे मचा कोहराम

**केटी न्यूज/राजपुर**

घर से दूसरे राज्य में कमाने गया राजपुर के युवक का वापस लौटने के क्रम में पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन व कुछमन स्टेशन के बीच ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। यह मनहूस खबर जब स्वजनों को मिली तो घर मे कोहराम मच गया। सभी का रोते-रोते बुरा हाल हो गया है। घर वालों से मिली जानकारी के अनुसार घर की माली हालत खराब होने के चलते राजपुर प्रखंड के हरपुर पंचायत स्थित ददुरा गांव निवासी राम प्रवेश चौधरी का पुत्र 28 वर्षीय सोनू कुमार रोजी-रोटी की तलाश में अपनों से दूर आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा शहर में जाकर किसी निजी कंपनी में काम कर रहा था। परिवार की माली हालत को सुधारने



के लिए वह दिन रात मेहनत कर एक-एक पाई इकट्ठा कर परिवार को घर भेज रहा था। विगत छह माह पूर्व वह गांव आया था, थोड़े दिन अपने स्वजनों के साथ बिताकर काम पर वापस लौट गया था। शनिवार के दिन भी वह ट्रेन से गांव लौट रहा था। सुबह 8.00 बजे के लगभग जैसे ही ट्रेन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से बक्सर के लिए चली। ट्रेन खुलने के कुछ दूर आगे जाने के बाद वह ट्रेन के दरवाजे से बाहर झांकने लगा, ट्रेन प. दीनदयाल उपाध्याय जंक्सन व कुछमन स्टेशन के बीच चंदौली जिला के पटपरा गांव के नजदीक पहुंची तभी अचानक इसका सर बिजली के खंभे से टकरा गया। टक्कर लगते ही वह ट्रेन से नीचे रेल पटरी पर गिर गया। जिससे घटनास्थल पर ही इसकी दर्दनाक मौत हो गई। वही ट्रेन आगे की ओर बढ़ती चली गयी। ट्रेन गुजरते ही वहा आसपास गांव के ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। जिसकी सूचना अलीनगर थाने की पुलिस को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए थाने ले आई।

## बक्सर को संपन्न बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा: अनिल

**बक्सर।** बसपा प्रत्याशी अनिल चौधरी ने सोमवार को इटाढ़ी, डुमरांव व नावानगर प्रखंड के गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साधारण चोर आपकी घड़ी, चैन, मोबाइल या पैसे चुराएगा लेकिन राजनीतिक चोर आपका भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार चुराएगा। इसलिए ऐसे राजनीतिक चोर से बचना बहुत जरूरी है। अपने भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए अपने बेटे को इस बार जिताकर सेवा का मौका दें। मैं विश्वास दिलाता हूं की बक्सर को सुखी और संपन्न बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने बड़कागांव, तुरॉव, अतिमि, भटौली, रुपसागर समेत दर्जनों गांव में जनसंवाद किया। कहा कि मान और सम्मान के लिए जान की बाजी तक लगाना पडे, तो पीछे नहीं हटेंगे।

# रास्ता चलते वृद्ध अचानक गिरा, मौके पर मौत

**डुमरांव।** कहा जाता है कि मौत का कोई ठिकाना नहीं, कब किसकी मौत आ जाए, यह कहा नहीं जा सकता है। यह सोमवार को नया भोजपुर में चरितार्थ हो गया। 70 वर्षीय एक वृद्ध रास्ता चलते चलते अचानक गिर पड़ा और उसके प्राण पखेरू उड़ गए।

घटना दोपहर की है, मृतक राजेन्द्र मिश्र उर्फ तारक मिश्र ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के देवकुली गांव के रहने वाले थे। वे सोमवार को अपने छोटे पुत्र हरेराम मिश्र के साथ नया भोजपुर स्थित चकबंदी कार्यालय आए थे। वहां से अपने गांव लौटने के दौरान वे जैसे ही पुराने एनएच 84 पर नया भोजपुर ओपी के पास स्थित आरा मशीन के पास पहुंचे कि अचानक अपना सीना पकड़ सड़क पर गिर पड़े। वे पसीना से तर बतर हो चुके थे और देखते ही देखते उनकी मौत हो गई। साथ खड़ा पुत्र कुछ समझता तथा मदद की गुहार लगाता तबतक उसके पिता इस दुनिया से चल बसे थे। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने बिना पोस्टमॉर्टम कराए शव अपने साथ लेकर चले गए। बताया जाता है कि मृतक अक्सर चकबंदी कार्यालय में आता था। उसके पांच पुत्रियां तथा तीन पुत्र थे। वह सभी की शादी कर चुका था। वही, इस घटना के बाद जहां मृतक के घर में कोहराम मच गया वही उसकी अचानक मौत की चर्चा नया भोजपुर तथा आस पास के क्षेत्रों में हो रही थी। लोग यह कहते सुने गए कि मौत का कोई ठिकाना नहीं, कब किसकी आ जाए। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि संभवतः हॉर्ट अटैक होने से उसकी मौत हुई है। उन्होंने कहा कि परिजन शव लेकर चले गए है।

## 250 मरीजों ने ओपीडी में कराया रजिस्ट्रेशन

# पटरी पर लौटी अनुमंडलीय अस्पताल की ओपीडी सेवा, तैनात मिले डॉक्टर

♦ ओपीडी में सात डॉक्टर के सेवा देने से नहीं लगी भीड़, मरीजों को मिली सहूलियत

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बेपटरी पर चल रही अनुमंडलीय अस्पताल की सेवा पटरी पर लौट आयी है। कभी एक या दो डॉक्टर ओपीडी में अपनी सेवा देते थे, अब वैसी बात नहीं रही है। सोमवार को ओपीडी सेवा में कुल सात विशेषज्ञ डाक्टर अपनी सेवा दे रहे थे। इतने एक साथ ओपीडी में सेवा दे रहे चिकित्सकों को देख मरीज और उनके अभिभावक भौचक्के थे। मरीजों को लंबी लाइन नहीं लगा पड़ा। रजिस्ट्रेशन भी मौजूद विशेषज्ञ चिकित्सक के अनुसार हो रहा था। जो जिस रोग से पीड़ित था। उसे उसी विशेषज्ञ चिकित्सक के पास भेजा जाता था। गौरतलब है कि सोमवार को ओपीडी में विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवा देने से मरीजों या उनके अभिभावक को अस्पताल से लौटकर जाना नहीं पड़ा। नहीं तो पहले विशेषज्ञ चिकित्सक के नहीं रहने के कारण मरीज को लेकर उनके अभिभावक निजी क्लीनिक का सहारा लेते है, जहां उन्हें डॉक्टर की फीस व दवा में काफी पैसा खर्च हो जाता है। अस्पताल के ओपीडी सेवा में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा देने से मरीज को कहीं भटकना नहीं पड़ा। सोमवार को ओपीडी सेवा में शिशु रोग विशेषज्ञ उमेश कुमारए हड्डी रोग विशेषज्ञ सुमित सौरव, डेनटिस्ट जुनैद अख्तर, अजीत किशोर, संजय कुमार मिश्रा, महिला चिकित्सक में रश्मि कुमारी व प्रेमा कुमारी अपनी सेवा दे रही थी। डीएस गिरीश कुमार सिंह भी अपने चेम्बर में मरीजों को देख रहे थे। इनकी सेवा देने से मरीजों को अस्पताल से लौटना नहीं पड़ा। कई मरीज और उनके अभिभावकों को कहते सुना गया कि पहलीबार एक साथ ओपीडी सेवा में सात डाक्टर मौजूद हैं। बीमारी के अनुसार मरीजों का सही से इलाज भी हुआ और दवा भी मिली। महिलाएं काफी खुश थी क्योंकि दो-दो महिला डाक्टर के अलावे शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक भी मौजूद होने से अपने और साथ आए बच्चे का इलाज कराने में कोई परेशानी नहीं हुई। आम जनता का कहना है कि हर दिन इसी तरह से अस्पताल में डॉक्टर आते और मरीजों का इलाज करते।

# बैसाखी शिवरात्रि के अवसर पर कंचनेश्वर शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**केटी न्यूज/केसठ**

बैसाखी शिवरात्रि के अवसर पर सोमवार को डुमरांव अनुमंडल के कचईनियां गांव स्थित कंचनेश्वर शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों का आना-जाना लगा रहा। लोगों की जय घोष से मंदिर परिसर व क्षेत्र काफी गूंजायमान रहा। मंदिर परिसर में मेला का नजारा देखा गया। बता दे की भक्तजन पारंपरिक ढंग से यहां पूजा पाठ करते आ रहे हैं। बताया जाता है कि हमारे पूर्वज भी काफी दिनों से यहां पूजा पाठ कर रहे थे। लोगों के अनुसार भगवान शिव को आपरूपी माना जाता है। भगवान शिव का मंदिर काव नदी के किनारे बलुआही जंगल झाड़ी के बीच उच्च स्थल पर अवस्थित है। इस जगह फाल्गुन महाशिवरात्रि को तथा बैसाखी शिवरात्रि को भव्य मेला का भी आयोजन होता है। जहां हजारों की संख्या में क्षेत्र व दूर दराज से श्रद्धालु भक्त भगवान का पूजा



अर्चना करने के लिए आते हैं। यह काफी रामणीय स्थल है। कमिटी के सदस्य मंदिर की व्यवस्था इत्यादि को सुदृढ़ बनाए रखने में काफी तत्परता से जुटे रहते हैं। यह जगह फूल, पत्ती, लाइट, सीसीटीवी कैमरा आदि से सुसज्जित है। प्रत्येक महाशिवरात्रि को कमिटी के सदस्यों द्वारा विधि व्यवस्था को लेकर बैठक भी की जाती है। यानि कुल मिलकारी इस जगह की व्यवस्था काफी सुदृढ़ है।

## खबरें फटाफट

### देशी शराब साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**बिक्रमगंज( रोहतास)।** बिक्रमगंज पुलिस ने देसी महुआ शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के खैरा दलित बस्ती से अजय मुसहर को 10 लीटर देसी महुआ शराब और बिक्रमगंज दलित टोला से 19.6 लीटर देसी महुआ शराब के साथ मिथुन मुसहर को रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

### पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बिक्रमगंज( रोहतास)।** बिक्रमगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के घुसियां कला गांव से बिक्रमगंज कांड संख्या 267/24 के अभियुक्त अरविंद कुमार को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

### पुलिस ने 6 जिंदा कारतूस को किया जब्त

**दिनारा( रोहतास)।** भानस ओपी पुलिस ने 6 जिंदा कारतूस को जब्त कर लिया है । भानस ओपीध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर गांव में मारपीट हुआ था । जिस मामले में स्थानीय थाना में कांड संख्या 203/24 के आलोक में विभिन्न धारा एवं आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज था । उक्त कांड में ही पुलिस ने 6 जिंदा कारतूस को जब्त किया है । पुलिस ने उक्त मामले की जांच कर रही है ।

### दिनदहाड़े यज्ञ परिसर के पास खड़ी बाइक हुई चोरी

**काराकाट( रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दहियाड़ी निवासी स्व. रामकृत यादव के पुत्र शंकर यादव ने सोमवार को काराकाट पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है । पीड़ित ने कहा है कि बीती पांच मई को शाम लगभग 8 बजे चांदीपट्टी में हो रहे महायज्ञ परिसर में कई गाड़ियों के बीच खड़ी शंकर यादव की हीरो कंपनी के बाइक अज्ञात चोर चुरा कर ले गया । शिकायत पत्र के आधार पर बाइक हीरो कंपनी का रजिस्ट्रेशन नम्बर बी आर 24-0969 दर्ज है । वहीं बाइक को काफी तलाश किया गया लेकिन बाइक नहीं मिली । पीड़ित शंकर यादव की शिकायत पर काराकाट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से लगातार बाइक चोरी हो रही है। इसे नियंत्रित करने में पुलिस नाकाम हो रही है। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने पुलिस को शव उठाने से रोका

# गिरफ्तारी से बचने को घर से निकले किसान का मिला शव, गला दबाकर हत्या का आरोप

- बिहिया थाना क्षेत्र के घाघा गांव की रविवार की रात की घटना
- रविवार की रात से घर से निकले बुजुर्ग का सोमवार की सुबह मिला शव
- परिजनों का जमीन विवाद में पट्टीदारों पर गला दबा हत्या करने का आरोप
- हंगामे को लेकर काफी देर तक मची रही अफरातफरी





**केटी न्यूज/आरा**

बिहिया थाना क्षेत्र के घाघा गांव में पूर्व से चल रही जमीन के विवाद में रविवार की रात एक बुजुर्ग किसान की गला दबाकर हत्या कर दी गई। उनका शव सोमवार की सुबह घर से करीब सौ मीटर की दूरी से बरामद किया गया। उनकी जीभ थोड़ी सी बाहर निकाली थी और नाक में हल्का खून लगा था।ऐसे में किसान की गला दबाकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। मृत किसान घाघा गांव निवासी 70 वर्षीय भीम साह थे। मारपीट के एक मामले में बेल टूटने और वारंट आने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए रविवार की रात घर से बाहर चले गए थे। परिजनों की ओर से जमीन विवाद में अपने पट्टीदारों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। इसे लेकर परिजनों द्वारा हंगामा भी किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस को शव उठाने से भी रोक दिया गया। परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। बाद में थानाध्यक्ष राजेश मालाकार के समझाने पर मामला शांत हुआ। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। किसान के बेटे उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पट्टीदारों से 60 बीघे जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। उसे लेकर 2011 में पट्टीदारों मारपीट हुई थी। उस मामले में दोनों ओर से प्राथमिक दर्ज हुई थी। तब उसके पिता जेल गए थे। हालांकि बाद में जमानत पर बाहर आ गये थे। इस बीच उनका बेल टूट गया था और वारंट निकल गया था। उस मामले में गिरफ्तारी को पुलिस शनिवार की रात घर आई थी। तब उसके पिता घर पर नहीं थे। ऐसे में रविवार को भी पुलिस उनके घर आ गयी थी। पुलिस की लगातार दबिश और गिरफ्तारी से बचने के लिए उसके पिता रविवार की रात घर से निकल गए थे। देर रात तक वह घर पर नहीं लौटे, तो उनकी खोजबीन शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया। इस बीच रविवार की सुबह सूचना मिली के घर से करीब डेढ़ सौ मीटर दूरी उनके पुराने मकान के पास एक बुजुर्ग का शव पड़ा है। उस आधार पर वे लोग पहुंचे, तो देखा कि उसके पिता की शव है। उमेश कुमार गुप्ता की ओर से 60 बीघे जमीन के विवाद को पट्टीदारों द्वारा ही उसके पिता की गलत दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा। बताया जा रहा है कि किसान के परिवार में पत्नी शकुंतला देवी, पुत्र उमेश कुमार गुप्ता,भोला गुप्ता सुनील गुप्ता, पुत्री ममता देवी और सीता देवी है। घटना के बाद किसान के घर में कोहराम मच गया है। पत्नी शकुंतला देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं दूसरी ओर पुलिस कहना है कि मामले की गहनता के साथ जांच की जा रही है। इसमें जो भी दोषी पाये जाएंगे। उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### देश में नरेंद्र मोदी और काराकाट में उपेंद्र की जरूरत : पूर्व विधायक राजेश्वर राज



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट विधानसभा के पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश में नरेंद्र और काराकाट में उपेंद्र की आवश्यकता है। भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करेंगे तथा भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए 400 पार के संकल्प पूरा करेंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो अपने दूत को भेजा है। उसको काराकाट लोकसभा में भारी मतों विजय बना कर केंद्र में नरेंद्र मोदी के पास भेजने का काम करेंगे। मीडिया के सवालों को जवाब देते हुए पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने कहा कि जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, तब से कोई वैसा घर अछूता नहीं है, जिस घर में नरेंद्र मोदी के किये गये कार्य से लाभांवित नहीं हुआ हो। उन्होंने आम जनता से अपील किया गया कि अपना वोट जरूर देने आये। अपना वोट सोच-समझकर डालें। सही प्रत्याशी का चयन करें। जरा सी चूक आपका और आपके बच्चों के भविष्य को बिगाड़ सकता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पिछले दस सालों से देश को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। नरेंद्र मोदी के हाथों में देश को सौंपना है। ताकि देश विश्व गुरु बन सके। पूरी दूनिया इसके सामने झूके।

### बिजली चोरी के विरूद्ध चला अभियान

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया। ऊक्त जांच के दौरान अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, दावथ अर्जुन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर ग्राम-परसिया खुर्द के राम पदारथ राम, पिता-हरहगी राम पर 35957 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच दल में लाइनमैन बिंदेश्वरी प्रसाद, मानवबल चंदन बैठा आदि मौजूद थे।

## पूर्व के वाहनों के साइड देने के विवाद में बाइक सवार युवक को सरेराह मारी गोली

- दो दिन पूर्व साइड देने के विवाद में गांव के ही बाइक सवार युवक पर गोली मारने का आरोप
- जख्मी युवक का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**



तरारी थाना क्षेत्र के भदसेरा और खेलड़िया गांव के बीच सोमवार की दोपहर ने पूर्व के विवाद में एक युवक को गोली मार दी गयी। गोली उसके दाहिने जांघ में लगी है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक भदसेरा गांव निवासी बालेश्वर सिंह का 25 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार है। पूर्व के रोडरेज के विवाद में गांव के ही एक युवक पर गोली मारे जाने का आरोप लगा है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन की। उसके बाद पुलिस आरोपित के घर भी गयी थी, लेकिन वह परिजनों के साथ फरार है। इधर, जख्मी अरविंद कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम वह ट्रैक्टर लेकर बाजार से गांव लौट रहा था। उसी दौरान उसके पड़ोस का ही एक युवक चार पहिया वाहन लेकर उसके ट्रैक्टर के सामने आ गया। तब साइड देने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। हालांकि बात खत्म हो गई थी। सोमवार की दोपहर वह पैसे निकालने तरारी बाजार स्थित स्टेट बैंक गया था। वहां से बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। तभी भदसेरा और खेलड़िया गांव के बीच बाइक से पीछा करते हुए उक्त युवक पहुंचा और उसे गोली मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और बाइक सहित जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद उसे इलाज के लिए तरारी पीएससी ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अरविंद कुमार की ओर पड़ोस के ही आकाश कुमार उर्फ छोटू नामक युवक पर दो दिन पूर्व हुए रोडवेज के विवाद में गोली मारने का आरोप लगाया है। इधर, थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर के अनुसार दोनों लड़कों के बीच दो दिन पूर्व मामूली विवाद हुआ था। उसी को लेकर उसके पड़ोस के ही युवक द्वारा गोली मारी गई है।

## बेलगाम पिकअप की ठोकर से स्कूटी सवार महिला की मौत

- मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौटा ब्रह्म बाबा के समीप सोमवार दोपहर की घटना
- गैस कनेक्शन लेने के लिए आरा आयी थी महिला, लौटते समय हुआ हादसा

**केटी न्यूज/आरा**



आरा-सरैयां रोड पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौंटा ब्रह्म बाबा के समीप सोमवार की दोपहर बेलगाम पिकअप ने एक स्कूटी में ठोकर मार दी। उसमें स्कूटी सवार महिला की मौत हो गयी, जबकि एक युवक जख्मी हो गया। मृत महिला कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी हरेराम चौधरी की 50 वर्षीया पत्नी फुलवंती देवी थी। जख्मी युवक उसी गांव के निवासी द्वारका चौरसिया के 40 वर्षीय पुत्र अनिल चौरसिया है। जख्मी अनिल चौरसिया का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। हरेराम चौधरी ने बताया कि सोमवार की दोपहर उनकी पत्नी गैस कनेक्शन के लिए गांव के ही अनिल चौरसिया के साथ स्कूटी से आया ब्लॉक रोड स्थित गैस एजेंसी आयी थी। दोपहर में दोनों गांव लौट रहे थे। उसी दौरान पिरौंटा ब्रह्म बाबा के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप स्कूटी को रौंदते निकल गयी। उसमें उनकी पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटी चला रहे अनिल चौरसिया गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## एनडीए घटक दलों के बुथस्तरीय हुई बैठक, जीत पक्की करने पर चली चर्चा

**केटी न्यूज/नोखा (रोहतास)**



नगर क्षेत्र मे सोमवार को एनडीए गठबंधन के घटक दलों का बुथ स्तरीय कार्यकर्ताओ का बैठक किया गया। बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई और एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा को किस तरह से जीत दिलाई जाए, इस पर भी चर्चा की गई। नोखा नगर के रामनगर, घोसिया, शिवपुर, कृष्णा पुर आदि स्थानों के बूथ नंबर 63, 64 ,65 एवं 66 पर बुथ अध्यक्षों के साथ बैठक किया गया। इस बैठक का संचालन भाजपा नेता जवाहर प्रसाद चौरसिया एवं अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल ने किया इस बैठक में शामिल हुए भाजपा अतिपिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान, बिहारी पासवान, इंद्रजीत सिंह, देवानंद राम, धर्मेंद्र पटेल, सुरेंद्र चंद्रवंशी, रमता सिंह, बिहारी प्रसाद गुप्ता, योगेश चौहान परशुराम यादव सहित सैकड़ो ग्रामीणों जतना मौजूद थे।

## आरा में पहली बार हुआ आर्म रेसलिंग मुकाबला, पटना के अभिषेक बने विजेता



**केटी न्यूज/ आरा**

आरा में पहली बार आर्म रेसलिंग क्लब की ओर से आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में आरा के ही नहीं बल्कि बिहार के है कोने-कोने से युवाओं ने हिस्सा लिया। रेसलिंग में राइट और लेफ्ट हैंड विजेता पटना के अभिषेक कुमार उर्फ (अभी) बने और उप विजेता उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ बने। दोनों ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिखाया। मौजूद सभी रेसलरों को मोमेंटो, मेडल और शॉल देकर सम्मानित किया गया। पहली बार हुए इस प्रतियोगिता से युवाओं में जोश उत्साह देखा गया। आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में भाजपा के बड़े नेता सूर्यभान सिंह भी शामिल हुए। सूर्यभान सिंह ने कहा कि आरा शहर के लिए एक अच्छा प्रयास है। ताकि आज के युवा या बच्चे जो मोबाइल में ज्यादातर अपना समय बिता रहे हैं वैसे बच्चे जमीनी खेल की ओर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता मुकेश कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता आरा के लिए पहली बार है। आने वाले समय में हम लोग इससे बड़ा इवेंट करने का विचार कर रहे है।आर्म रेसलिंग संगठन के प्रेसिडेंट आशुतोष ने बताया कि यहां बिहार के हर कोने-कोने के युवाओं ने हिस्सा लिया है। मुंगेर, बलिया, मुजफ्फरपुर, पटना समेत उत्तर प्रदेश के साथ अन्य जिले के लड़के आएं। जब हमलोग खेलने जाते थे तो बहुत लड़के आते थे, आरा के भी बहुत लड़के आरा से बाहर खेलने जाते है।







# बूथ अध्यक्ष पार्टी के कर्णधार, उनकी मेहनत से ही बनती है सरकार: मौर्य

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



भारतीय जनता पार्टी जखनियां विधानसभा का बूथ सम्मेलन सोमवार को माता तेतरा देवी सभागार मंदरा में संपन्न हुआ। बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कहा कि बूथ अध्यक्ष हमारे पार्टी के कर्णधार हैं। जब वह दिन-रात पांच साल कड़ी मेहनत करते हैं तथा अपना बूथ जीतते हैं। तब जाकर हम प्रदेश व देश में सरकार बनाते हैं। हमारे बूथ अध्यक्ष हमारी पार्टी के आधार हैं और पार्टी विपक्षियों से पूरी लड़ाई अपने बूथ अध्यक्षों के बलबूते पर लड़ती है।

अमरपाल मौर्य ने कहा यह धर्म युद्ध का समय चल रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पापियों का नाश हो रहा है, भारतीय सनातन सभ्यता संस्कृति मजबूत हो रही है और देश प्रगति के राह पर तेज गति से दौड़ रहा है। आज हमारा देश विकसित भारत की ओर कदम बढ़ा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। गरीबों का उत्थान, महिलाओं का सम्मान, किसानों की आय दोगुनी, नौजवानों को रोजगार और देश का हर व्यक्ति आत्म निर्भर हुआ है। यह तभी संभव हुआ है, जब हमारे बूथ की शक्ति अपनी ताकत दिखाई और हर बूथ जीतकर देश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। कहा हम आज लोगों के बीच में यह अपील करने आए हैं कि जिस तेजी के साथ पूरा देश आगे बढ़ रहा है, हर क्षेत्र में विकास हो रहा है, उस विकास गति में गाजीपुर भी पिछड़ा न रह जाए। विकास की दौड़ में अधूरा न रहे, इसके लिए मात्र 25 दिनों का समय बचा है। आपको अपनी पूरी ताकत झोंक देनी है। आपको हर बूथ जीतना है और गाजीपुर से भी अपना सांसद बनाकर दिल्ली भेजना है। यह निश्चय और प्रण लेकर आज आप इस सम्मेलन से जाएंगे और तनमन के साथ पार्टी के कार्यों में लग जाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि गाजीपुर के कार्यकर्ता ऊर्जावान कार्यकर्ता है। वर्ष 2014 में हमने मनोज सिन्हा को जीताकर भेजा था। 2019 में गठबंधन के बावजूद भी हमारे कार्यकताओं ने कड़ी लड़ाई लड़ी थी। 2024 में उस लड़ाई का परिणाम निश्चित रूप से हमारे पक्ष में आएगा और गाजीपुर की लोकसभा सीट पारसनाथ राय आप कार्यकताओं के बल पर जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सांसद बनकर सदन में भेजने का काम करेंगे। सभा को पूर्व एमएलसी डा. केदारनाथ सिंह, लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, मुराहू राजभर, सोभनाथ यादव, शिवपूजन राम, विधानसभा प्रभारी सुनील श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया।मुख्य अतिथि व भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा पार्टी महामनिषीयों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज मिश्रा, विपिन सिंह, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा, शशिकांत शर्मा, धर्मवीर राजभर, उपेंद्र सिंह, मनोज यादव, हंसराज राजभर, मोनू तिवारी, सुशील सिंह, अशोक पांडेय, किसान मोर्चा रुद्र प्रताप सिंह, इंद्रदेव कुशवाहा, खरगू चौहान, सुधाकर कुशवाहा, अविनाश सिंह, उमाशंकर यादव, अटल सिंह, प्रशांत सिंह सहित सभी सेक्टर प्रमुख एवं शत प्रतिशत सभी बूथ अध्यक्ष वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रवीण सिंह व अध्यक्षता विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश राम ने किया।

## एक नजर

### पीड़ित अधिवक्ता को सुरक्षा मुहैया कराए पुलिस प्रशासन: बार एसोसिएशन चंदौली



**चंदौली।** संयुक्त बार एसोसिएशन चन्दौली की आपात बैठक सोमवार को अध्यक्ष राकेश रत्न तिवारी व शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान अधिवक्ता विरेन्द्र सिंह दाढ़ी को हाल के कुछ दिनों में अवांछनिय तथ्यों द्वारा उत्पीड़न कार्यवाही किया गया है जिसे लेकर प्रशासन का भी सहयोग नकारात्मक रहा है। विरेन्द्र सिंह (दाढ़ी) के साथ आपराधिक प्रवृति के अपराधियों द्वारा दुर्व्यवहार व धमकी देने का कार्य किया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित अधिवक्ता द्वारा संयुकत बार को जरिए प्रार्थना पत्र सूचित किया गया, जिस पर संयुक्त बार द्वारा संज्ञान लेते हुए सोमवार को सम्पूर्ण दिवस न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को उक्त घटना के सम्बन्ध में अवगत कराया। साथ ही पीड़ित अधिवक्ता विरेन्द्र सिंह दाढ़ी को सुरक्षा प्रदान करते हुए उक्त दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की आवश्यकता जताई। बैठक में श्रीनिवास पाण्डेय, सन्तोष सिंह, अनिल कुमार, जय प्रकाश सिंह, पंकज सिंह, चनद्रमणि यादव, लक्ष्मीकान्त, रविकान्त, चन्द्रभानु सिंह, विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता के तहत सभी ब्लॉकों में दूसरे दिन भी खेला गया मैच

**गाजीपुर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोटर प्रीमियर लीग में आज सभी ब्लॉकों के चिन्हित क्रीड़ा स्थलों पर मतदाता जागरूकता लीग मैच के दूसरे दिन विभिन्न ग्राम पंचायतों के बीच मतदाता जागरूकता मैच कराया गया। इसमें विभिन्न अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल रहे। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने विकास खंड के खालिसपुर खेल मैदान स्थल पर पहुंचकर फीता काटकार एवं खिलाडियों से सम्पर्क कर खेल को प्रारम्भ किया और उपस्थित रहे। जखनियां के उसिया क्रीड़ा स्थल पर उपजिलाधिकारी संजय यादव, जिला विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला परिषद अधिकारी एवं जिला कृषि क्रीड़ा अधिकारी सदर के डीलिया व देवकली के बरहमपुर खेल मैदान में पहुंचकर खिलाडियों का स्वागत कर मैच प्रारम्भ किया गया। ग्रामीणों द्वारा बड़े ही उत्साह से मतदाता जागरूकता मैच का आनंद लिया गया एवं सेल्फी प्वान्ट के माध्यम से लोगो में जागरूक भी किया तथा इसके दौरान मतदाता जागरूकता संबंधित शपथ उपस्थित ग्रामवासियों एवं खेल मैदान में खिलाडियों को भी दिलाया गया। मैच के आयोजन में समस्त विकास खंड के अधिकारी एवं कर्मचारियों महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। मैदान स्थल पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा क्रिकेट मैच खेलकर लोगो में मतदाता जागरूकता हेतु मिसाल दी और उन्होने जनपदवासियों से अपील किया कि 01 जून को अपने घर से निकलकर अपने अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करेगे।

### मतदाता बढ़-चढ़कर करें अपने मताधिकार का प्रयोग, आज होगा रन फॉर इथिकल वोटिंग

**गाजीपुर।** भारतीय निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गाजीपुर आर्यका अखौरी के नेतृत्व में जनपद गाजीपुर में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है जिससे मतदान की प्रक्रिया में लोगों को साथ में जोड़ा जा सके और जनपद गाजीपुर में आगामी 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में लोग बढ़ चढ़कर मतदान करें। इस क्रम में स्वीप के नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी श्री संतोष वैश्य ने जानकारी दी की जनपद में 7 मई को रन फॉर इथिकल वोटिंग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लोगों को संदेश देने का प्रयास होगा कि नियत तिथि 1 जून को सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता उपस्थित होकर अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें। इस कार्यक्रम में दौड़ का आयोजन होगा जिसमें नैतिक मतदान की अपील के साथ जनपद के सम्मानित मतदाता प्रतिभाग करेंगे।

## खबरें फटाफट

### युवक ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**बलिया।** रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दुष्कर्म पीड़िता की हालत नाजुक बताई जा रही है। उसका उपचार चल रहा है। उधर, पुलिस ने आरोपी युवक के साथ ही पीड़िता की सहेली के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा वादी के मुताबिक, पीड़िता कोचिंग में पढ़ने के लिए गई थी। वहां से लौटते वक्त एक लड़की (तहरीर में नामजद) ने पीड़िता से कहा कि मेरे घर पर जन्मदिन का फक्शन है, मेरे घर चलो। उसके कहने पर पीड़िता उसके घर चली गयी। वहां जाने के बाद साजिश के तहत आरोपित लड़की ने पीड़िता को कोई नशीला पदार्थ खिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गयी। आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया। इसके पश्चात रक्तश्राव की वजह से पीड़िता की तबीयत खराब होने लगी तो आरोपित उसे लेकर निजी अस्पताल में गये। वहां हालत में सुधार न होता देख आरोपित लडकी पीड़िता को लेकर उसके घर गयी। पूछताछ में आरोपित लड़की ने सबकुछ पीड़िता के परिजनों को बताया। तत्पश्चात 112 नम्बर पुलिस को बुलाया गया तो पीड़िता को बलिया अस्पताल ले जाया गया। बलिया से पीड़िता को आजमगढ़ रेफर कर दिया गया, लेकिन आजमगढ़ द्वारा पुलिस केस बताकर पुनः बलिया रेफर कर दिया गया है।

## बलिया के कोतवाली क्षेत्र के सहरस पाली चट्टी पर हुआ हादसा

# डंपर की टक्कर से छात्र की दर्दनाक मौत आक्रोशित लोगों ने किया एनएच जाम



**केटी न्यूज/ बलिया**



शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सहरस पाली चट्टी पर डंपर की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। जिसके कारण एनएच 31 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी प्रयास व आश्वासन के बाद चक्का जाम समाप्त कराया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के सहरस पाली निवासी अवनीश प्रजापति उम्र 14 वर्ष पुत्र नंदलाल प्रजापति सोमवार की सुबह स्कूल जा रहा था कि विपरीत दिशा के तरफ से तेज गति से आ रहा डंपर ने उसे धक्का मार दिया। जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा नेशनल हाईवे को जाम से समाप्त कराते हुए लड़के के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि एनएच- 31 मुख्य सड़क पर ही बेतरतीब ढंग से दुकानदार द्वारा पटरी पर अतिक्रमण कर रखे गए गिट्टी बालू के कारण लड़के को ट्रक से बचने का जगह नहीं मिल पाया।

**अतिक्रमण बनी हाइसे की वजह:** बलिया से लगायत बैरिया तक एनएच- 31 के विभिन्न चट्टी-चौराहों पर दुकानदारों द्वारा मुख्य सड़क के पटरी पर ही अतिक्रमण करके गिट्टी-बालू बेचा जाता है। दुकानदार ट्रक के ट्रक छोटी-बड़ी विभिन्न प्रकार की गिट्टियां एवं बालू मुख्य सड़क के पटरी पर ही बेचने के लिए फैलाकर रखते हैं। जिसके कारण आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। शासन-प्रशासन के आलाधिकारी इस मुख्य सड़क से आते जाते रहते हैं। लेकिन मुख्य सड़क के पटरी से पीच सड़क तक बेतरतीब ढंग से फैले गिट्टी-बालू देखने के बाद भी इन दुकानदारों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं किया जाता हैं।

## चंदौली में सरेसर गांव के समीप डंपर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**केटी न्यूज/चंदौली**

अलीनगर थाना क्षेत्र के सरेसर गांव के समीप डंपर की चपेट में आने से साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी दुलारे पासवान 52 वर्ष बिगत दिनों की भांति सोमवार को भी मुगलसराय रेलवे के ठेकेदारी में मजदूरी करने साइकिल से जा रहे थे। जैसे ही सरेसर गांव के समीप पहुंचे कि पीछे से डंपर की चपेट में आने से इनके घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं चालक डंपर सहित भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। इस दौरान मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। अलीनगर सकलडीहा मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं इसकी जानकारी होते ही थाने पहुंचे पत्नी श्यामपति देवी पुत्र अरविंद, रणजीत व राहुल सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे।

### बबूल की झाड़ियों के चलते हो रहीं दुर्घटनाएं

अलीनगर सकलडीहा मार्ग पर इंडियन ऑयल बरौनी कानपुर पाइपलाइन कार्यालय के गेट के समीप सड़क पर मोड होने के साथ-साथ पटरी विहीन सड़क के दोनों तरफ बबूल की झाड़ियां उग जाने के कारण यहां आए दिन छोटी मोटी दुर्घटना होती रहती है। यहां तक की इसकी वजह से लोगों को अपने जान तक गंवानी पड़ रही है। वाहनों के आवागमन करते समय सड़क के किनारे झाड़ियों के साथ-साथ पटरी नहीं होने के कारण राहगीर मौत के गाल में समा जा रहे हैं।

# निर्वाचन कार्य में उदासीनता पर होगी कार्रवाई: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**



भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर-71 और लोकसभा क्षेत्र बलिया-72 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर अंतिम रूप से सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रभारी अधिकारियों से आदर्श आचार संहिता का पूर्णता से पालन कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने मैनपॉवर, कार्मिक, प्रशिक्षण, डाक मत पत्र, यातायात, पोस्टल बैलेट, लेखा सामग्री, पोलिंग पर्सनल, आब्जर्वर ,स्वीप कार्यक्रम, कंट्रोल रूम,एमसीएमसी,वेब-कास्टिंग, सीसीटीवी सहित अन्य बिंदुओं पर गहनता से समीक्षा कर प्रभारी अधिकारियों से अब तक पूर्ण की गई तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता व शिथिलता को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा। कोई भी त्रुटि मान्य नहीं होगी। जिसको जो उत्तरदायित्व दिया गया है उससे संबंधित आयोग की गाइड या हैंडबुक का गहनता से अध्ययन कर लें। कहा कि सभी नोडल अधिकारियों पर अपनी पूरी टीम का मार्गदर्शन करने, नियंत्रित करने और आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यों को संपन्न कराने का उत्तरदायित्व होगा। सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का सकुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे, ताकि जनपद में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके। कहा कि समस्त अधिकारी चुनाव के दौरान प्राप्त होने वाले निदेशों का शत शत प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज,सीआरओ त्रिभुवन, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दूबे, डीएसओ रामजतन यादव, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# केवाईसी ऐप से मिलेगी उम्मीदवारों के बारे में जानकारी

**केटी न्यूज/चंदौली**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा केवाईसी सहित विभिन्न प्रकार के ऐप की सुविधा प्रदान की जा रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार केवाईसी ऐप से उम्मीदवारों के बारे में समस्त जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मतदाता सूची के साथ वोटों की गिनती व चुनाव नतीजों की जानकारी के लिये वीटीआर ऐप तैयार किया गया है, जिससे चंदौली सहित देश की हर लोकसभा के नतीजों की जानकारी घर बैठे प्राप्त की जा सकती है। यह जानकारी सोमवार को चंदौली के जिलाधिकारी ने दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत व जानकारी हेतु कन्ट्रोल रूम नंबर 05412-262177 एवं टोल फ्री नम्बर-1950 की सुविधा उपलब्ध है, जिस पर फोन करके निर्वाचन से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

बताया कि सी-विजिल, केवाईसी व वीटीआर ऐप को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। बताया कि आयोग द्वारा नागरिकों की सुविधा के दृष्टि इसे विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से मतदाता मतदाता सूची में नाम देखने से लेकर पोलिंग स्टेशन तक की सूचना प्राप्त कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा केवाईसी ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप द्वारा इसमें चुनाव लड़ रहे सभी वैध उम्मीदवारों के नाम, उनका संसदीय क्षेत्र, उनके ऊपर दर्ज आपराधिक मामले, उनकी आय व सम्पत्ति की जानकारी देखी जा सकती है। इसी तरह सुविधा ऐप भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को किसी चुनावी कार्यक्रम की मंजूरी के लिए बनाया गया है। इस ऐप के माध्यम से घर बैठे आवेदन कर अनुमति प्राप्त किया जा सकता है। मतदान से पूर्व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संभावित उम्मीदवारों को विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान करने के लिए कलेक्ट्रेट में सिंगल विंडो सिस्टम क्रियाशील हो गया है।

### सी-विजिल पर कर सकते हैं चुनाव से जुड़ी किसी तरह की शिकायत

जिलाधिकारी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतन्त्र निष्पक्ष शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने लिए एवं आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल सहित अन्य प्रकार के ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। इस ऐप को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों को 100 मिनट में निस्तारित करने के लिए विकसित किया गया है। ऐप के माध्यम से लाइव फोटो व वीडियो और एप के भीतर से आटो लोकेशन ही कैप्चर करता है, ताकि उड़न दस्ता टीम को समयबद्ध ढंग से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके। यह ऐप निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आम जनता द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत किए जाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

## एक से 30 अप्रैल तक चलाए गए अभियान को सफल बनाने में 12 विभाग ने किया था सहयोग

# संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान में चंदौली जिला यूपी में प्रथम

- अभियान के तहत ग्राम पंचायत में साफ सफाई के साथ दवाओं का छिड़काव कराया गया और लोगों को बीमारियों के प्रति किया गया जागरूक

**केटी न्यूज/चंदौली**



जनपद में अप्रैल माह में संचालित संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं विभागीय अधिकारियों का दावा है कि विभिन्न विभागों के कर्मचारियों का सहयोग लिया गया था। इसके साथ स्वास्थ्य विभाग के सफल प्रयास से यह स्थान मिला है। सीएमओ डा.वाईके राय ने कहा इस सफलता में विभिन्न विभागों का प्रयास रहा है।

जिले में एक से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान चलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 12 विभाग ने सहयोग कर अपनी अपनी सहभागिता निभाई। इससे जिले के 734 ग्राम पंचायत और नगर निकायों के 65 वार्ड में सफल अभियान के चलते चंदौली जनपद को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके तहत ग्राम पंचायत में साफ सफाई के साथ दवाओं का छिड़काव कराया गया और लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। नगर पंचायत और नगर पालिका परिषद में भी सभी वार्डों में यही दोहराया गया। दस्तक अभियान के तहत आशा गृह भ्रमण 314557 लक्ष्य के सापेक्ष 306460, मातृ बैठक 778 के सापेक्ष 774, क्लोरिनेशन डेमो का लक्ष्य 865 के सापेक्ष 859 रही। वहीं एईएस पर चर्चा 835 शत प्रतिशत रही है ।

वहीं अलावा वीएचएसएनसी बैठक 780 के हिसाब से 780 रही है। इसके अलावा 884 मलेरिया की जांच की गई इसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है। वहीं सर्दी जुकाम वाले 443 मरीज का कोविड जांच किया गया यह अभी नेगेटिव रहा लेकिन छ्य रोग के 185 संदिग्ध मरीज पाए गए,जिन्हें जांच हेतु भेजा गया है। वहीं कुपोषण के 53 बच्चे शिकार थे। उसमें से 23 कुपोषित पाए गए बच्चों को एनआरसी पर भेज कर पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी राजीव सिंह ने कहा इस अभियान सभी का सहयोग रहा है। जिससे जनपद को प्रथम स्थान उत्तर प्रदेश में हासिल हुआ है।

> जिले में अप्रैल माह में चलाए गए संचारी रोग नियंत्रण अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभाग के लोगों का कार्य सराहनीय रहा है। उनके लगन और मेहनत के कारण जनपद में अभियान सफल हुआ और इस अभियान में जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। हमें विश्वास है आगे भी आने वाले अभियान को सफल बनाकर प्रथम स्थान पर हमारा जनपद होगा।
> **-डॉ.वाई के राय, सीएमओ, चंदौली**

# चुनाव: रूट डायवर्जन व कई मार्गों पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

**केटी न्यूज/चंदौली**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 उम्मीदवारों के नामांकन को लेकर जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन प्रक्रिया 07 मई 2024 से 17 मई 2024 तक कलेक्ट्रेट परिसर में सम्पादित की जाएगी। आम जनता की सुविधा को देखते हुए। सोमवार को प्रातः नौ बजे से सायंकाल तीन बजे तक निम्नवत डायवर्जन प्लान लागू किया जाता है। जिसमें महुआबाग से आने वाले वाहन साई मन्दिर होते हुए शास्त्री नगर की तरफ चले जाएंगे। कोई भी वाहन अफीम फैक्ट्री से कलेक्ट्रेट परिसर की तरफ नहीं जाएगा। लंका की तरफ से आने वाले वाहन सिंचाई विभाग तिराहे से सिंचाई विभाग की तरफ मोड़ दिए जाएंगे व सिंचाई विभाग की तरफ से आने वाले वाहन तिराहे से लंका की तरफ मोड़ दिए जायेंगे। तिराहे से कोई भी वाहन कलेक्ट्रेट परिसर की तरफ नहीं जाएगा। शास्त्री नगर की तरफ से आने वाले वाहन तिराहा से साई मन्दिर होते हुए अफीम फैक्ट्री होकर विशेश्वरगंज/महुआबाग की तरफ चले जाएगी। तिराहे से कोई भी वाहन कलेक्ट्रेट परिसर की तरफ नहीं जाएगा। शास्त्री नगर तिराहे से कोई भी वाहन सैनिक कल्याण बोर्ड की तरफ नहीं जाएगा। यह तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

# उप्र के 10 सीटों पर आज डाले जाएंगे वोट, सुबह सात बजे से मतदान

- कुल 1,8914,788 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग
- 100 प्रत्याशी मैदान में, 8 महिला प्रत्याशी भी शामिल

**केटी न्यूज/लखनऊ**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया 7 मई मंगलवार को संपन्न होगी। तीसरे चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की है। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश के संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होने जा रहा है। यह लोकसभा क्षेत्र प्रदेश के 12 जिलों में अवस्थित हैं। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता सायं 6:00 बजे उपस्थित रहेंगे, उन मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि तृतीय चरण में कुल 1,89,14,788 मतदाता हैं, जिसमे 1,01,44,345 पुरुष तथा 87,69,696 महिला मतदाता एवं 747 थर्ड जेंडर हैं। सबसे अधिक मतदाता आगरा (20 लाख 72 हजार 685) तथा सबसे कम मतदाता एटा (17 लाख 524) लोकसभा क्षेत्र में हैं। 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 100 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमे 8 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। सबसे अधिक 13 प्रत्याशी बरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 7 प्रत्याशी फिरोजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में है। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में कुल 20415 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) तथा 12339 मतदान केंद्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 4390 क्रिटिकल हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 3 विशेष प्रेक्षक, 10 सामान्य प्रेक्षक, 6 पुलिस प्रेक्षक तथा 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1887 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 241 जोनल मजिस्ट्रेट, 668 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 2859 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए 4783 भारी वाहन, 5462 हल्के वाहन तथा 88420 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं। चुनाव में मतदान के लिए 25819 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 25819 बैलट यूनिट तथा 27597 वीवीपैट तैयार किए गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। तीसरे चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्ध सैनिक बलों/पुलिस बलों के व्यवस्थापन के दृष्टिगत आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस एवं हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन 6 व 7 मई को आगरा में तथा एयर एम्बुलेंस की लोकेशन 7 मई को बरेली में रहेगी।

## मुख्यमंत्री ने हरदोई सीट से प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के लिए की जनसभा

# 25 साल बाद भी खुशहाल रहे भारत इसके लिए आज मोदी जरूरी: योगी

**केटी न्यूज/हरदोई**



सृष्टि के प्रारंभ से ही दो प्रकार के मानव रहते आए हैं। एक वे जीव हैं जो श्रीहरि विष्णु के विरोधी हैं और दूसरा वे, जो ईश्वरीय सत्ता के स्नेही हैं। हरदोई वाले श्रीहरि विष्णु के स्नेही हैं। देश में एक तरफ भगवान विष्णु के अवतार मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्त हैं तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। एक तरफ ईश्वरीय सत्ता पर विश्वास करने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ राम का द्रोह करने वाले। कांग्रेस ने अपने प्रवक्ता के खिलाफ इसलिए कार्रवाई कर दी, क्योंकि वे रामलला का दर्शन करने गई थीं। कांग्रेसियों की मति मारी गई है, जो भगवान का विरोध कर रहे हैं। इनकी दुर्गति तय है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने हरदोई के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के लिए सोमवार को शाहाबाद में जनसभा की। भीड़ देख अभिभूत सीएम ने कहा कि भीषण धूप में गर्मी व लू की परवाह किए बिना आप भाजपा को आशीर्वाद देने आए हैं। आपका उत्साह बता रहा कि आएंगे फिर मोदी ही। पूरे देश में जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। राम को लाने रामभक्त ही आएंगे, रामद्रोही नहीं।

**हरदोई में मेडिकल कॉलेज बन गया, गंगा एक्सप्रेसवे भी हरदोई से होकर जा रहा:** सीएम योगी ने कहा कि हरदोई में भी मेडिकल कॉलेज बन गया। गंगा एक्सप्रेसवे भी हरदोई से होकर जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए हरदोई से दिल्ली महज चार व प्रयागराज डेढ़-दो घंटे में पहुंच जाएंगे। इसमें औद्योगिक कलस्टर बनेंगे। हजारों नौजवानों के लिए नौकरी व रोजगार के अवसर भी आएंगे। कांग्रेस व सपा सरकार के समय गरीब भूखों मरता था, आज 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। इन लोगों ने 65 वर्ष शासन किया पर कुछ कर नहीं पाए। उप्र में किसी के बीमार होने पर हम पीड़ित के जनधन अकाउंट में पैसा भेजते हैं और कहते हैं कि इलाज कराओ। अब आने वाली सहायता में कोई कमीशन नहीं ले सकता, क्योंकि जनधन अकाउंट खुल गया है। कांग्रेस-सपा शासन में किसान आत्महत्या करता था, आज उसे किसान सम्मान निधि मिल रही है।

**अब संसाधन पर वर्ग विशेष की नहीं, 'सबका साथ' का दावा करने वाले पीएम हैं :** सीएम योगी ने कहा कि चेहरा देखकर काम नहीं होता है। संसाधन पर किसी वर्ग विशेष का अधिकार है, अब यह दावा करने वाले प्रधानमंत्री नहीं हैं। वे सबका साथ-सबका विश्वास की बात कहते हैं। मोदी सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं, इसलिए बार-बार आमजन मोदी जी को चुनते हैं। सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि, विकास के कारण पनपे जनविश्वास से ही बार-बार सरकार बन रही है।

**अयोध्या में पहुंचे पीएम ने प्रभु को किया साष्टांग:** सीएम ने कहा कि रामलला कब विराजमान होंगे, यह देखने पीढ़ियां तड़प रही थीं। कांग्रेसी कहते थे कि राम हुए ही नहीं, लेकिन मोदी जी रविवार को फिर अयोध्या गए थे। प्रभु राम को साष्टांग प्रणाम किया। भगवान श्रीराम आरती की, फिर रात 9 बजे तक उनका रोड शो चलता रहा। अयोध्या के साथ ही पूरे देश से भी एक लाख लोग वहां पहुंचे थे। काशी विश्वनाथ धाम हो या विंध्यवासिनी धाम। अपने यहां के मठ-मंदिरों को देखिए, यहां भी धनराशि उपलब्ध कराई है। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार में भेदभाव के दिन दूर हो गए कि कब्रिस्तान के लिए पैसा आएगा और श्मशान घाट के लिए नहीं आएगा। बिजली केवल चार जिलों को नहीं, बल्कि सभी 75 जिलों को समान रूप से मिल रही है। सीएम ने कहा कि युवाओं के लिए भारत को विकसित बनाना है। आने वाली पीढ़ी 25 साल बाद भी खुशहाल रहे। कोई गरीब, कमजोर, बदहाल न रहे। ऐसा भारत चाहिए और इसके लिए मोदी आज जरूरी है। 2022 में शाहाबाद से रजनी तिवारी को जिताया और सरकार बनवाई। सीएम ने हरदोई से जयप्रकाश रावत को रिकॉर्डतोड़ वोटों से जिताने के साथ ही तीसरी बार देश की सत्ता पीएम मोदी को सौंपने की अपील की। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री नितिन अग्रवाल, रजनी तिवारी, हरदोई के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत, राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेयी, पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह, श्याम प्रकाश, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### श्यामलाल पाल सपा के नये प्रदेश अध्यक्ष बने

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने श्यामलाल पाल को पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। वह नरेश उत्तम पटेल का स्थान लेंगे। सपा के नए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल प्रयागराज के रहने वाले हैं। पाल शिक्षाविद् हैं और एक इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वह लगभग 20 सालों से समाजवादी पार्टी में रहकर कार्य कर रहे हैं। अभी तक वह नरेश उत्तम पटेल की समिति में उपाध्यक्ष के पद पर थे। श्यामलाल पाल अखिल भारतीय पाल महासभा से भी जुड़े रहे हैं।

### प्रतापगढ़ में कार-डंपर की टक्कर में 2 की मौत, 3 घायल

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में सोनावा के पास कार और डंपर में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद आग लग गई। हादसे में दो की मौके पर मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्रयागराज रेफर कर दिया है। कार मे पांच लोग बैठे थे। सभी अयोध्या से दर्शन करके प्रयागराज लौट रहे थे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर चिलबिला के पास की है। यहां चिलबिला के पास तेज रफ्तार कार और डंपर की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। कार से आग की लपटें उठने लगीं। कार में पांच लोग सवार थे। मौके पर दो लोगों की मौत हो गई तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल प्रयागराज के नैनी थाना क्षेत्र के चकताना निवासी अखिल साहू, सत्यम साहू, और विवेक है। ये प्रयागराज के रहने वाले हैं।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**प्रतापगढ़।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इसके बाद परिजन महिला को लेकर सीएचसी पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया तो पति सीएचसी में शव छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने गले पर निशान देखा। मायके वालों ने कहा कि शादी के बाद से ही दहेज में दो लाख रुपए की मांग को लेकर ससुराल के लोग प्रिया को प्रताड़ित करने लगे थे।

## 25000 का इनामी आकाश बिंद पुलिस मुठभेड़ में घायल



**केटी न्यूज/मिर्जापुर**

पुलिस अधीक्षक मिजार्पुर अभिनंदन द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ की कार्रवाई के अंतर्गत, क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना जिगना पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना जिगना पर पंजीकृत मुअसं0-112/2023 धारा 380 भादवि से संबन्धित ?25,000 का इनामियां अभियुक्त आकाश बिन्द पुत्र देवमणी बिन्द निवासी ढेबुहा थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत मछहा बंधा के पास से वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। इस दौरान गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई, जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लग गई है। पुलिस मुठभेड़ में घायल व गिरफ्तार अभियुक्त आकाश बिंद उपरोक्त को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए उ0स्व0 सरोई भिजवाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय मिजार्पुर रेफर किया गया है। चिकित्सकों द्वारा इसकी स्थिति सामान्य बताई गई।

## गैंगस्टर के बेटों का परीक्षा में आया चौंकाने वाला रिजल्ट



**केटी न्यूज/प्रयागराज**

आईसीएसई बोर्ड्स के रिजल्ट 2024 6 मई को घोषित कर दिए गए। इंटर के साथ ही साथ हाई स्कूल के रिजल्ट भी घोषित किये गए हैं। छात्रों में रिजल्ट को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। इनमें माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटों का भी रिजल्ट आया। अतीक अहमद के दोनों बेटों ने इस साल बोर्ड की परीक्षा दी थी। अतीक के दोनों बेटे अहजान अहमद और अबान अहमद का रिजल्ट आते ही चर्चा शुरू हो गई। बड़े ने इंटर तो छोटे ने हाई स्कूल का एग्जाम दिया था। अतीक के बेटों ने एग्जाम में अच्छे खासे मार्क्स पाए हैं। अतीक के बेटों ने मेहनत की और दोनों ने ही 70 फीसदी नंबर से परीक्षा पास की। दोनों ने सेंटर पर जाकर एग्जाम दिया था। कॉलेज के प्रिंसिपल के मुताबिक अतीक के दोनों बेटों को पिछले साल ही बोर्ड परीक्षा देनी थी। पिता और चाचा की मौत की वजह से वो एग्जाम नहीं दे पाए थे। पिछले साल दोनों को पुलिस ने पकड़कर बाल सुधार गृह में रखा था। यहां से छूटने के बाद दोनों अपने रिश्तेदार के घर चले गए थे। वहीं रहकर दोनों ने अपनी परीक्षा की तैयारी की। एकेडमिक सेशन के दौरान दोनों एक बार भी स्कूल नहीं गए थे, लेकिन सेंट जोसफ कॉलेज के प्रिंसिपल के मुताबिक, दोनों अपने सारे प्रॉजेक्ट्स समय पर सब्मिट करते थे। एक साल गैप हो जाने के बाद इस साल दोनों ने परीक्षा दी थी।

### पत्नी कुएं में कूदी, बचाने आए पति की भी मौत

**प्रयागराज।** रविवार रात कुएं में गिरकर पति और पत्नी दोनों की मौत हो गई। दरअसल, दोनों में किसी बात पर लड़ाई हो गई। पत्नी दौड़कर कुएं के पास गई। छलांग लगा दी। पीछे से पति आया और बचाने के लिए वो भी कूद गया।

## जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर में आयोजित बूथ सम्मेलन में मिला बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र

# भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी उसके कार्यकर्ता हैं : दिलीप पटेल

**केटी न्यूज/जौनपुर**




जनपद जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं का बूथ सम्मेलन जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल रहे। मुख्य अतिथि दिलीप पटेल ने संबोधित करते हुए कार्यकताओं को टिप्स देते हुए बूथ जीतों चुनाव जीतों का मंत्र दिया। उन्होंने कहा बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ और भाग्य विधाता हैं। वह बूथ पर पार्टी का परचम फहराता है। उन्होंने कहा लोकसभा जौनपुर मे तीन लाख वोट तो भाजपा परिवार के हैं अगर तीन लाख लोग एक- दो वोट जोड़ें तो सात से आठ लाख वोट हो जाएंगे उन्होंने कहा विपक्ष की जमानत जब्त करानें के लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक दें हम भारत को विकसित व विश्वगुरु बनाने के लिए काम कर रहे हैं। आप सभी कार्यकर्ता हमारी पूंजी हैं और आपके दम पर ही हम हर बूथ दोगुने अंतर से जीतने जा रहे हैं। मोदी जी ने धारा 370 हटाई, अयोध्या में प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण करवा कर हमको 500 साल की गुलामी से मुक्त करवाया। कृपाशंकर सिंह ने कहा कि मैं सांसद नहीं आपकी मददगार बनने आया हूं लोकतंत्र की असली मालिक जनता होती हैं। सांसद आपका सेवक होता हैं मैंने हमेशा सेवा की राजनीति की हैं मेरा मिशन आपकी जिंदगी को बेहतर व खुशहाल बनाना है। हर बूथ पर कम से कम 425 वोट और 65 प्रतिशत वोटिंग के लिए काम करना है। 20 दिन चुनाव में बचें हैं प्रधान बीडीसी पूर्व बीडीसी व पूर्व प्रधान से लगातार संपर्क में रहें। इसलिए जनता के बीच जाकर सम्पर्क साधकर नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी कामों की जानकारी पहुंचाएं।

राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि 140 करोड़ की आबादी वाले इस देश में हम सब भाई-भाई हैं, किसी की कोई जाति नहीं बल्कि भारतीयता ही सबकी जाति होनी चाहिए। भाजपा सरकार सबके विकास के लिए काम कर रही है। संगठन की ताकत आप सभी कार्यकताओं से है और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अत्यंत अनुशासित और अपने कार्य के प्रति समर्पित होते हैं । लोकसभा प्रवासी रामचंद्र मिश्र ने कहा कि मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर पर अब कोई कमी बाकी नहीं रहनी चाहिए। आने वाले दिनों पार्टी युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं प्रबुद्ध प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी में है, जिसकी रूपरेखा अभी से बना ली जाए। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने क्षेत्रीय अध्यक्ष को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आपने जो संकल्प यहां के कार्यकताओं को दिलाया है उस संकल्प को पूरा करने के लिए पूरा भाजपा परिवार अपनी जान लगा देगा और हम सभी बूथों पर दोगुने मत से जीतेंगे।

## एक नजर

### जौनपुर की हॉट सीट पर बसपा ने बदला प्रत्याशी, श्यामसिंह यादव को दिया टिकट



**जौनपुर।** जिले की राजनीति में सोमवार को बड़ा उलटफेर हुआ।बसपा के नए प्रत्यासी निबर्तमान सांसद श्यामसिंह यादव नामांकन किया।छह मई को आज जौनपुर में नामांकन का आखिरी दिन था।और श्यामसिंह यादव ने दो सेट में अपना पर्चा भरा।इससे पहले पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्री कलां रेड्डी का टिकट काटकर बसपा के मौजूदा सांसद श्याम सिंह यादव को जौनपुर से बसपा ने प्रत्याशी घोषित कर दिया। नामांकन के बाद बसपा प्रत्यासी श्याम सिंह यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मेरे पास रात लगभग 12 बजे बहन मायावती जी का फोन आया था उन्होंने मुझसे कहा कि आपको हम जौनपुर से चुनाव लड़ाना चाहते है फिर हमने भी कहा कि जैसा आपका आदेश होगा।हम चुनाव लड़ेंगे।हालांकि मैंने पहले चुनाव नही लड़ने का मन बना लिया था। मीडिया से बातचीत में कहा कि मेरे पास रात लगभग 12 बजे बहन मायावती जी का फोन आया था उन्होंने मुझसे कहा कि आपको हम जौनपुर से चुनाव लड़ाना चाहते हैं फिर हमने भी कहा कि जैसा आपका आदेश होगा। हम चुनाव लड़ेंगे। हालांकि मैंने पहले चुनाव नहीं लड़ने का मन बना लिया था। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि खुदा जब देता है छप्पर फाड़ के देता है। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले पांच वर्षों में जो कार्य किया है उसी के आधार पर मैं जानता के बीच जाऊंगा।

### राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल बच्चों को किया सम्मानित



**मऊ।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 में चयनित उच्च प्राथमिक विद्यालय दौलसेपुर , शिक्षा क्षेत्र - रानीपुर, जनपद- मऊ के 19 बच्चों और उनके अभिभावकों को खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ए आर पी धर्मराज चौहान, सुरेंद्र चौहान , प्राथमिक विद्यालय नरसिंहपुर के प्रधानाध्यापक छोटेलाल , सहायक अध्यापक सच्चिदानंद चतुर्वेदी , प्राथमिक विद्यालय भरथीपुर के प्रधानाध्यापक मोहम्मद फैजान , उच्च प्राथमिक विद्यालय दौलसेपुर के प्रधानाध्यापक बीरेंद्र कुमार यादव , सम्मानित अध्यापक अनिल कुमार मौर्य सहित समस्त स्टॉफ ,बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामसेवक ने किया। गौरतलब है कि इस परीक्षा में किसी एक विद्यालय से 19 बच्चों का चयन संख्या की दृष्टि से जनपद - मऊ में सबसे अधिक और प्रदेश में तीसरा स्थान है। सफल होने वाले बच्चों को केंद्र सरकार द्वारा अब अगले 4 साल ( 9 वीं से 12 वीं कक्षा ) तक 12000 रुपये प्रतिवर्ष की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी ।

### एनडीए प्रत्याशियों की जीत से खुलेगा विकास का रास्ता: यशवंत सिंह

**मऊ।** पूर्व विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह की फिर से भारतीय जनता पार्टी में वापसी के बाद भाजपा समर्थित सुभासपा प्रत्याशी डॉ0 अरविंद राजभर को जिताने के लिए रतनपुरा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क एवं पार्टी को जिताने के लिए वृहद मंथन करने का कार्य पूर्व एमएलसी यशवन्त सिंह द्वारा किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 के बीच बीजेपी ने पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह का निष्कासन वापस ले लिया है और पार्टी ने उनको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है कि सुभासपा उम्मीदवार को जिताने तथा भाजपा को मजबूत करने के लिए जी जान से जुट जाएं। यशवंत सिंह का कद पूर्वांचल के बड़े नेताओं में माना जाता है उनके लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रति काम करने से भाजपा को मऊ, आजमगढ़ व बलिया में ज्यादा फायदा होगा।



# हैदराबाद सीट पर अभी तक अजेय थे असदुद्दीन ओवैसी

# इस बार मिल रही कड़ी चुनौती



चार बार के सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी हैदराबाद लोकसभा का चुनाव कभी लड़े नहीं, बस जीते ही हैं। जीत का अंतर भी लाखों में...। कोई पार्टी उनके सामने इतना दमदार उम्मीदवार ही नहीं उतार पाई कि उन्हें चुनाव लड़ना पड़ता। तभी, वह 20 साल से अजेय हैं। उनके पिता भी 20 साल तक यूं ही जीतते आए थे। हालांकि, इस बार का मामला अलग है। उनका सीधा मुकाबला भाजपा की डॉ. माधवी लता से है। वह राजनीति में नई हैं, लेकिन वाकपटुता में निपुण। तभी, पांचवीं बार जीतने के लिए ओवैसी को डटकर चुनाव लड़ना पड़ रहा है।

हैदराबादियों का ओवैसी परिवार की तीन पीढ़ियों से सियासी रिश्ता है। मौजूदा सांसद ओवैसी के दादा अब्दुल वाहिद ओवैसी ने 1957 में हैदराबाद नगर निगम से सियासत शुरू की थी। उन्होंने बिखरी पड़ी मजलिस और कौम को एक सूत्र में पिरोया। ओवैसी के पिता सुल्तान

**हैदराबादियों का ओवैसी परिवार की तीन पीढ़ियों से सियासी रिश्ता है। मौजूदा सांसद ओवैसी के दादा अब्दुल वाहिद ओवैसी ने 1957 में हैदराबाद नगर निगम से सियासत शुरू की थी। उन्होंने बिखरी पड़ी मजलिस और कौम को एक सूत्र में पिरोया। ओवैसी के पिता सुल्तान सलाहुद्दीन ओवैसी 1980 से 1999 तक लगातार छह बार सांसद चुने गए। ओवैसी की सियासी राह हमेशा फूलों से ही भरी रही।**

सलाहुद्दीन ओवैसी 1980 से 1999 तक लगातार छह बार सांसद चुने गए। ओवैसी की सियासी राह हमेशा फूलों से ही भरी रही।

वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बताते हैं कि ओवैसी के पिता को 1996 में भाजपा के वेंकैया नायडू और 1999 में बी.बाल रेड्डी से तगड़ी चुनौती मिली थी। फिर, फासला बढ़ता गया। 2008 में हैदराबाद सीट का परिसीमन हुआ और ग्रामीण अंचल के तंदूर, विकाराबाद और चेवल्ला विधानसभा क्षेत्र कट गए। इससे हैदराबाद सीट पुराने शहर तक सिमट गई। यहां से उन्हें हरा पाना बेहद कठिन है।

इस तर्क के पीछे मजबूत वजह यह है कि हैदराबाद की सात विधानसभा सीटों में से छह पर ओवैसी की पार्टी ही काबिज है। उनके भाई अकबरुद्दीन ओवैसी यहीं की चंद्रयानगुट्टा से विधायक हैं। भाजपा सिर्फ गोशामहल से जीती, जहां के विधायक टी. राजा सिंह खुद लोकसभा का टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने डॉ. माधवी लता को दे दिया। इससे वह जाहिरा तौर पर नाखुश हैं।

भाजपा के लिए चुनौती यही नहीं है। ओवैसी की पिछले चुनाव में ढाई लाख मतों से जीत हुई थी। इस खाई को पाटना आसान नहीं है। माधवी लता आरोप लगा रही हैं कि ओवैसी फर्जी मतों के सहारे जीतते आए हैं। हालांकि, इस बार हजारों की संख्या में वोट काटे भी गए हैं। बावजूद इसके ओवैसी की ताकत का विरोधियों को पूरा अंदाजा है। तभी, माधवी लता के नामांकन के लिए केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रोड शो भी किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर प्रबुद्ध सम्मेलन तक कर चुके हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेताओं के कार्यक्रम भी तय हैं। साफ है कि ओवैसी के लिए भाजपा खुला मैदान नहीं छोड़ने वाली। ताजा चुनौतियां ओवैसी भी समझ रहे हैं। तभी, समर्थकों का उत्साह बरकरार रखने के लिए पहली बार उन्होंने जुलूस निकालकर नामांकन किया। गली-गली प्रचार के दौरान बीफ शॉप जिंदाबाद जैसे नारे भी लगाए। इसकी आलोचना हुई, तो सफाई में कहा कि वह इडली शॉप जिंदाबाद भी कहते हैं। चुनावी माहौल गरमाने से उनके समर्थक जोश में हैं।

## हार-जीत के तर्क

संतोष नगर के सैयद अरबाज कहते हैं कि देश में पेट्रोल खत्म हो सकता है, पर हैदराबाद से ओवैसी नहीं। उनकी जीत पक्की है। लोग उन्हें मुसलमान होने के नाते वोट देते हैं। भाजपा प्रत्याशी ने धार्मिक स्थल पर तीर चलाने का जो इशारा किया था, वह उन्हीं पर लगेगा। चारमीनार पर मिले वेंकटेश कहते हैं कि ओवैसी इसलिए जीतते हैं, क्योंकि मुसलमान पढ़े-लिखे नहीं हैं। ओवैसी फिर जीत रहे हैं...? होटल व्यवसायी कदीरुद्दीन कहते हैं, क्या फर्क पड़ना है। पीएम मोदी भी हिंदू-मुसलमान कर रहे हैं, ओवैसी भी। बेरोजगारी देखो कहां आ गई। मंदिर-मस्जिद बनाने से यह घट गई क्या? मुझे तो दोनों मिले लगते हैं।

## माधवी लता का तीर सबको चुभा

रामनवमी के दिन बेगम बाजार इलाके में माधवी लता के तीर की गूंज चौतरफा है। इस तीर को अपने चुनावी तरकश पर रखते हुए ओवैसी ने भाजपा पर निशाना साधा। कहा, यह भाजपा की घृणा फैलाने वाली मानसिकता का सबूत है। वैसे, इस तीर की चुभन माधवी लता को भी महसूस हो रही है। उन्होंने इसे 'अमन का तीर' बताकर सफाई दी, माफी तक मांगी। हुंकार भरने वाली माधवी के नरम पड़ने की वजह पसमांदा मुसलमान हैं, जिनका समर्थन पाने की वह जद्दोजहद में लगी हैं।



## डमी ही दिखे कांग्रेस-बीआरएस प्रत्याशी

ओवैसी को भाजपा की बी-टीम बताने वाली कांग्रेस उनके खिलाफ कभी मजबूत प्रत्याशी नहीं उतार पाई। यही स्थिति बीआरएस की भी रही है। कहा जाता है कि ओवैसी खुलेआम कुछ भी कहें, तेलंगाना में जिसकी सरकार होती है, उससे मिलकर ही चलते हैं। पहले बीआरएस के करीब थे, अब कांग्रेस के हैं। माधवी लता कहती हैं, कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष मो. वलीउल्लाह समीर को डमी रूप में ही उतारा है।

# कमल नाथ ने वोटिंग के आंकड़ों पर चुनाव आयोग को घेरा

## 45 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार ऐसा देखा है

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने वोटिंग के आंकड़ो को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि मैं अपने 45 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार ऐसा देख रहा हूं। दो चरणों की वोटिंग के बाद चुनाव आयोग ने फाइनल वोटिंग प्रतिशत मंगलवार को जारी किया है। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के 2 चरणों की 12 सीटों पर वोटिंग के बाद प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी थी। वहीं तीसरे चरण की वोटिंग 7 मई को 9 लोकसभा सीटों पर मतदान हो गया है। पहले 8 सीटों पर वोटिंग होनी थी लेकिन बैतूल में बीएसपी प्रत्याशी की मौत के बाद वोटिंग की तारीख को बढ़ा दिया गया। दो चरणों की वोटिंग के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठाया है।



दरअसल, दो चरणों की वोटिंग के बाद चुनाव आयोग ने मंगलवार को लोकसभा के पहले और दूसरे फेज की वोटिंग का फाइनल डेटा जारी किया है, जिसको लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि प्रथम फेज की वोटिंग का प्रतिशत 11 दिन में तो वहीं दूसरे चरण की वोटिंग का प्रतिशत 4 दिन बाद जारी किया गया।

चुनाव आयोग पर खड़ा किया सवाल

कमल नाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान प्रतिशत जारी करने में चुनाव आयोग को 11 दिन का समय लगा, जबकि दूसरे चरण का मतदान प्रतिशत भी 4 दिन की देरी के बाद जारी किया गया है। मैंने अपने 45 साल के राजनीतिक जीवन में ऐसा पहली बार देखा है जब चुनाव होने के 11 दिन के बाद अचानक से मतदान प्रतिशत का नया आंकड़ा जनता के बीच आया हो। हैरानी की बात यह भी है मतदान के दूसरे दिन अखबारों के माध्यम से जो मत प्रतिशत सामने आया था, अब उसमें 11 दिन बाद 3 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी के साथ आंकड़े जारी किये गये है।

राजनीतिक खेल की जताई आशंका

कमल नाथ ने आगे लिखा है कि हमारा देश मजबूत लोकतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली के लिये पूरी दुनिया में जाना जाता है, लेकिन इस तरह की अवांछित घटनाओं से निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़े होते हैं। उम्मीद करता हूं कि यह केवल तकनीक त्रुटि हो, कोई राजनीतिक खेल नहीं।

**पुणे में पिछले दस साल में खासकर महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना गठबंधन सरकार के कार्यकाल में काफी विकास हुआ है और इस शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में भी तेजी से काम किये गये हैं। पिछले दस सालों में इस क्षेत्र की सूरत काफी बदल गयी है इस बात को क्षेत्र के मतदाता स्वीकार करते हैं।**

# पुणे लोकसभा सीट

## मुरलीधर मोहोल और रविंद्र धांगेकर में मुकाबला, कौन मारेगा बाजी?

(नीरज कुमार दुबे)

पुणे में पिछले दस साल में खासकर महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना गठबंधन सरकार के कार्यकाल में काफी विकास हुआ है और इस शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में भी तेजी से काम किये गये हैं। पिछले दस सालों में इस क्षेत्र की सूरत काफी बदल गयी है इस बात को क्षेत्र के मतदाता स्वीकार करते हैं।

महाराष्ट्र के पुणे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 35 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। तीसरे चरण के तहत यहां होने वाले चुनाव के लिए सभी उम्मीदवारों ने प्रचार के जरिये जनता तक पहुँचने के लिए दिन-रात एक कर रखा था। यहां भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन और उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की राकांपा और कांग्रेस के गठबंधन एमवीए के बीच मुख्य मुकाबला होगा। इस सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुणे, बारामती, शिरूर और मावल के महायुति के उम्मीदवारों के समर्थन में पुणे में एक मेगा रैली की थी जिससे महायुति के उम्मीदवारों की जीत की संभावनाएं प्रबल हो गयी हैं। वैसे भी पुणे भाजपा का गढ़ रहा है। एक जमाने में सुरेश कलमाड़ी यहां के कद्दावर नेता माने जाते थे लेकिन कॉमनवेल्थ खेल घोटाला मामले के चलते उनकी राजनीति खत्म हो गयी। महाराष्ट्र में विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा का यहां शानदार प्रदर्शन रहता रहा है। भाजपा ने इस बार के लोकसभा चुनावों में यहां से पूर्व मेयर मुरलीधर मोहोल को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस की ओर से रविंद्र धांगेकर चुनाव मैदान में ताल ठोंक रहे हैं।

पुणे में पिछले दस साल में खासकर महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना गठबंधन सरकार के कार्यकाल में काफी विकास हुआ है और इस शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में भी तेजी से काम किये गये हैं। पिछले दस सालों में इस क्षेत्र की सूरत काफी बदल गयी है इस बात को क्षेत्र के मतदाता स्वीकार करते हैं। लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अक्सर यहां आना भी इस शहर के तेजी से आगे बढ़ने में सहायक रहा है। हालांकि पिछले साल पुणे विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा की हार ने सबको चौंका दिया था लेकिन पार्टी का मानना है कि उस हार के कारण अंदरूनी खामियां थीं और अब पूरी सतर्कता बरती जा रही है। भाजपा का कहना है कि एक विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में हार का जरा भी असर इस संसदीय चुनाव में नहीं पड़ेगा क्योंकि जनता जानती है कि यह चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने के लिए हो रहा है।





यहां भाजपा का प्रचार हर ओर दिख रहा है। कुछ जगहों पर हमें कांग्रेस के झंडे भी दिखाई दिये। हमने स्थानीय लोगों से बातचीत की तो सभी ने कहा कि यह देश का चुनाव है और हम चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनें। यहां कई लोगों ने यह भी कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनने से हमारा बरसों पुराना सपना पूरा हो गया है और हम तो इसी बात को ध्यान में रखते हुए मोदी को वोट देंगे। यहां की मध्यम वर्ग जनता से जब हमने यह कहा कि मध्यम वर्ग हमेशा टैक्स समय पर चुकाता है लेकिन इसके बदले में उसे कुछ नहीं मिलता क्या इस बात को लेकर कोई नाराजगी नहीं है तो लोगों ने कहा कि हमें इस बात का गर्व है कि हम देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। लोगों ने कहा कि हमें एक बात ध्यान रखनी होगी कि मोदी सरकार ने टैक्स नहीं बढ़ा कर मध्यम वर्ग पर कोई बोझ नहीं डाला है जबकि कर की दरें कुछ कम ही की गयी हैं।

हमने जब महिलाओं से बात की तो सभी ने महिला सुरक्षा के हालात पूरे महाराष्ट्र में बेहतर होने की बात कही। महिलाओं का कहना था कि यदि महंगाई बढ़ रही है तो हमारी आमदनी भी तो बढ़ रही है। महिलाओं ने आगे बढ़कर कहा कि वैश्विक हालात को देखते हुए कई बड़े देशों में महंगाई सारे रिकॉर्ड तोड़ चुकी है जबकि भारत में यह नियंत्रण में है। महिलाओं का कहना था कि मोदी सरकार विकास, विरासत और संस्कृति को जिस तरह एक साथ लेकर आगे बढ़ रही है उससे देश के परिदृश्य में काफी बदलाव आया है।

यहां हमने कुछ ऑटो रिक्शा और टैक्सी चालकों तथा ठेला लगाने वालों से बात की तो सभी ने कहा कि हमें कांग्रेस के न्याय पत्र पर नहीं बल्कि मोदी की गारंटी पर विश्वास है। लोगों ने कहा कि कांग्रेस तमाम चीजें फ्री में देने का वादा कर रही है लेकिन हमें कुछ नहीं चाहिए। लोगों ने कहा कि हमने तो फिर भी फ्री में खा लिया लेकिन हम नहीं चाहते कि हमारे बच्चे भी फ्री के सामान पर निर्भर होकर अपना जीवन गुजारें। लोगों का कहना था कि हमारा देश विकसित बनेगा तो हम सभी आगे बढ़ जायेंगे।

हमने कुछ बुजुर्गों से बात की तो वह सब भी मोदी सरकार के कामकाज से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि 70 साल उम्र से ज्यादा के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने का वादा बहुत अच्छा है और इससे वरिष्ठ नागरिकों को बड़ा लाभ होगा। बुजुर्गों में से एक ने कहा कि मुझसे ठीक से चला नहीं जाता लेकिन मैं मोदी को वोट देने जरूर जाउंगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सोच समझ कर मतदान करने का चुनाव है और देश को यदि आगे बढ़ाना है तो नरेंद्र मोदी को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री बनाना होगा।

जब हमने युवाओं से बात की और कहा कि राहुल गांधी कह रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर पहली नौकरी पक्की होगी तो उन्होंने कहा कि हमें राहुल गांधी की नौकरी नहीं करनी है। हमें मोदी की स्टार्टअप योजना का लाभ लेकर अपना व्यवसाय खड़ा करना है।

# रोहिणी आचार्य को टक्कर देंगे चोकर बाबा

## सारण सीट से भर दिया पर्चा, मैदान में राजीव प्रताप रूडी भी

सारण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। वहीं, महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।

सारण के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता शंभू शरण पांडेय के कार्यालय कक्ष में भारतीय सार्थक पार्टी के प्रत्याशी के रूप में पूर्व विधायक शत्रुघ्न तिवारी उर्फ चोकर बाबा, भारतीय एकता दल के ज्ञानी कुमार शर्मा एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अविनाश कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल करके मुकाबला कड़ा कर दिया।



## सारण की जनता धरती का नेता खोज रही है, हवा हवाई नहीं: चोकर बाबा

सारण संसदीय क्षेत्र की जनता अपना प्रतिनिधि अपने धरती के बीच का खोज रही है हवा हवाई नहीं। छपरा में मेरी लड़ाई किसी से नहीं है। मेरी जीत है। उक्त बातें अमनौर के पूर्व भाजपा विधायक ने सारण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन के बाद मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि एक नेता हवा हवाई है तो दूसरा विदेशी।



यहां की जनता अपने धरती का नेता खोज रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि साजिश के तहत उनका टिकट भी कटवा दिया गया था। शत्रुघ्न तिवारी ने इशारों-इशारों में सारण के निवर्तमान सांसद पर जनता के बीच नहीं रहने एवं सांसद निधि से छपरा का विकास नहीं करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि छपरा के विकास एवं मतदाताओं के आत्मसम्मान के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।



# क्यों खराब हो जाता है आपका फ्रिज

**क्या आपका भी फ्रिज बार- बार खराब हो जाता है? कई लोग को पता भी नही होता कि उनका फ्रिज किन गलतियों के कारण खराब हो गया है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे आप अपने फ्रिज को खराब होने से बचा सकती है।**

कई बार हमारी छोटी गलती के कारण हमारा काफी बड़ा नुकसान हो जाता है। क्या आपका भी फ्रिज बार- बार खराब हो जाता है? कई लोग को पता भी नही होता कि उनका फ्रिज किन गलतियों के कारण खराब हो गया है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे आप अपने फ्रिज को खराब होने से बचा सकती है। साथ ही यह भी बताने वाले हैं कि फ्रिज कैसे खराब हो जाता है।

### सफाई सही से करें

कई बार फ्रिज में कोई सामान गिर जाता है और हम इसकी सफाई सही तरीके से नहीं करते हैं। फ्रिज की सफाई सही तरीके से करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। ऐसे में फ्रिज में फंगस लग जाता है और मिनटों में हमारा महंगा फ्रिज खराब होने लगता है और हमें पता भी नहीं चलता। कई बार हम इसके लिए कपंनी में शिकायत करते हैं। इस दौरान गलती किसी और की नहीं बल्कि हमारी ही होती हैं। कई बार हम फ्रिज में जरूरत से ज्यादा सामान रख देते हैं। ऐसे में भी हमारा फ्रिज खराब हो जाता है। फ्रिज की सही तरीके से केयर करने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना होगा। अगर आप ज्यादा सामान रखती हैं तब भी आपका फ्रिज खराब हो सकता है।

### फ्रिज को लंबे समय तक खुला ना छोड़े

कई बार हम फ्रिज को लंबे समय तक खुला छोड़ देते हैं। इसके कारण भी हमारा फ्रिज खराब हो जाता है। अगर आप भी अपने पैसे फ्रिज के रिपेयरिंग में बर्बाद नहीं करना चाहती हैं तो आपको इन बातों का खास ख्याल रखना होगा।

### बाहर जाते वक्त फ्रिज बंद ना करें

अगर आप बाहर जानें का प्लान बना रही है तो आपको अपने फ्रिज को पूरे तरीके से बंद नही करना चाहिए। कई बार इसके कारण भी फ्रिज खराब हो जाता है। आगे से आपको इस बाता का खास ख्याल रखना होगा। थोड़ी सी बिजली बचाने के चक्कर में हमारा काफी ज्यादा नुकसान हो जाता है।



# ना करें पैसों से जुड़ी ये गलतियां

**अक्सर महिलाओं की ये समस्या होती है कि घर का खर्च ज्यादा हो रहा है और पैसों से जुड़ी बचत नहीं हो पा रही है। यहां निवेश और बचत की नहीं खर्च की बात हो रही है। घरों में आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल कुछ ऐसी हो गई है कि लोगों को ये समझ ही नहीं आता कि उनका इतना खर्च आखिर कैसे बढ़ गया है। ये सब कुछ पैसे से जुड़ी कुछ गलतियों के कारण होता है।**

आम तौर पर यही देखा जाता है कि पति और पत्नी एक दूसरे से इसके बारे में बात नहीं करते। पत्नी घर संभाल रही हो या फिर बाहर काम कर रही हो तो भी इसके बारे में बातें नहीं की जातीं। बच्चे अगर पढ़ने की उम्र में हैं या टीनएज हो गए हैं तो उन्हें भी अक्सर घर पर ये नहीं बताया जाता है कि निवेश और बचत की जरूरत क्या है। हफ्ते में कम से कम एक बार सभी को बैठकर घर और पैसे के खर्च से जुड़ी बातें करनी चाहिए। इससे वो खर्च भी सामने आ जाता है जिसका शायद अंदाजा भी नहीं होता। ये घर का बजट बनाने में भी मददगार साबित हो सकता है।

### पहले खर्च फिर जो बचा वो निवेश

हमारी भारतीय संस्कृति में एक आम कहावत है कि , 'जितनी चादर है उतना ही पैर पसारो' । ये बहुत अच्छा कथन है, लेकिन इसे हमें थोड़ा सा बदलना होगा क्योंकि हम हमेशा जितना खर्च है उतना कर लो और उसके बाद जो बचा वो बचत। इससे समस्या ये होती है कि जरूरत से अधिक खर्च भी हो जाता है और बचत कम रह जाती है। इसे थोड़ा सा बदलने की जरूरत है और कमाई के बाद एक निश्चित बचत और उसके बाद जितना बचा उसे खर्च करना चाहिए। ये बजट आसानी से बन सकता है कि महीने में कितनी बचत की जा सकती है।

### बचत और निवेश का अंतर न समझना

मान लीजिए आप हर महीने की आय में से कुछ पैसे बचा लेते हैं, लेकिन क्या इन पैसों को बचाने से सिर्फ काम हो जाता है? जी नहीं, बचत और निवेश में काफी अंतर है जिसे समझने की जरूरत है। पैसे ड्रॉअर में पड़े रहें या फिर वो बैंक के सेविंग्स अकाउंट में रखा है तो उससे हमारे भविष्य के लिए कोई फायदा हो रहा है? बिलकुल नहीं। तन्वी जी का कहना है कि उनके पास बहुत से लोग आते हैं और वो यहीं मात खा जाते हैं। उन्हें निवेश इस बारे में सोचकर करना चाहिए कि भविष्य में ये कितना रिटर्न देगा।

### अपनी बचत और निवेश को ऑटोमैटिक मोड पर नहीं डालना

बैंक की आरडी या एफडी जिसका ऑटोमैटिक पैसा कटता है वो ज्यादा सही है। भले ही बचत और निवेश का कोई भी मोड हो पैसा ऑटोमैटिक हर महीने कटना चाहिए। कारण ये है कि अगर बचत हर वक्त नहीं होगी तो हम उस कमाई को खर्च करने के लिए उत्सुक रहेंगे। अकाउंट में या जेब में ज्यादा पैसा होने का मतलब है कि उसे खर्च करने का लालच भी बढ़ जाएगा। अगर सैलरी आते ही एक अच्छे फाइनेंशियल एक्सपर्ट की मदद से पैसे निवेश कर देंगे तो हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।



### अपने पैसे को अलग-अलग जगह न निवेश करना

पैसा है आपके पास तो क्या हर बार वो एक ही तरह से निवेश किया जाएगा? कई लोग सिर्फ FD बनाते रहते हैं, कुछ को पोस्ट ऑफिस की NSC अच्छी लगती है, लेकिन इसका सीधा सा मतलब ये होता है कि पैसे के साथ कोई एक्सपेरिमेंट नहीं किया जाता। कारण ये है कि अगर एक ही तरह से पैसा निवेश होगा तो खतरे की स्थिति में एक ही साथ उसके खर्च होने या फिर डूब जाने की गुंजाइश भी होती है।

### फाइनेंशियल भाषा से डरना और रिस्क न लेना

इंसान का दिमाग जो चीज समझ नहीं पाता वो उससे हमेशा डरता रहता है और ये बहुत आम घटना है कि लोग खुद को फाइनेंशियल भाषा सिखा नहीं पाते। ऐसे में उन्हें जानकारी न के बराबर रहती है। होता ये है कि ऐसी स्थिति में निवेश के समय हम बहुत ज्यादा सोच विचार में लग जाते हैं और कई बार डर के कारण रिस्क नहीं ले पाते। इससे बाद में नुकसान होने की गुंजाइश है।

### कर्ज को न समझना

बहुत से लोगों के पास होम लोन होता है, कार का लोन होता है, क्रेडिट कार्ड से खर्च होता है। अर्थव्यवस्था में कर्ज की दरें लगातार बढ़ती और घटती रहती है। ऐसे में हमारे कर्ज पर भी असर पड़ता है। किसी भी तरह के लोन को हमेशा फाइनेंशियल एक्सपर्ट से हर साल रिव्यू करवाना चाहिए। क्या पता ब्याज की दर इससे कम हो सके। इसी तरह से क्रेडिट कार्ड सबसे महंगा तरीका है ऐसे में कई बार वो बहुत महंगा पड़ जाता है। कोशिश करें कि हर वक्त क्रेडिट कार्ड निकालने से बचें।



# अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीदें ट्रैंडी जींस

**जींस एक ऐसी कॉमन ड्रैस है, जो हर लड़की के वार्डरोब में जरूर मौजूद होती है। बाजार में कई स्टाइलिश जींस आ चुकी हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीद सकती हैं। जींस खरीदने से पहले आपको यह जानना जरूरी हैं कि आजकल किस पैटर्न की जींस का चलन ज्यादा है। आज हम आपको जींस की इन्हीं वैरायटी के बारे में बता रहे हैं जिनके बारे में जानकर आपको अपनी पसंद की जींस खरीदने में आसानी होगी.**

### रिप्ड जींस

रिप्ड जींस एक दशक से फैशन ट्रैंड में बनी हुई है। कॉमन यंग गर्ल्स से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रैस सभी में इसका क्रेज है। शायद ही कोई लड़की होगी जिसके वार्डरोब में रिप्ड जींस न हो। एक दशक पहले ट्रैंड में आई ये जींस आज भी लड़कियों की पहली पसंद बनी हुई है। इसमें जींस के कई हिस्से में कुछ स्लिट्स या कट्स बने होते हैं। कॉमन लैंग्वेज में इसे फटी जींस भी कहते हैं। अगर आपके पास कोई पुरानी जींस है, जिसे आप नहीं पहनतीं तो उसे ब्लेड से कट करके रिप्ड जींस का लुक दें सकती हैं। रिप्ड जींस को आप लॉन्ग कुर्ती या फिर किसी भी टॉप के साथ वियर कर सकती हैं। ये आपको कूल और स्टाइलिश लुक देगी।

### बैगी जींस

बैगी जींस अपने लूज साइज की वजह से काफी कंफर्टेबल होती है। दो से तीन दशक पहले इस पैटर्न की जींस का काफी चलन था। एक बार फिर से इसका ट्रैंड लौट आया है। यही वजह है कि सैलेब्स में भी ये जींस काफी पॉपुलर है। ट्रैवलिंग के दौरान या कहीं आने-जाने के लिए एक्ट्रैस इसे कैरी किए नजर आती रही हैं।

### पैच वर्क जींस

इन दिनों पैच वर्क जींस भी काफी पॉपुलर हैं। यंग गर्ल्स से लेकर सैलेब्स इसे पहने नजर आती रहती हैं। ये जींस अलग-अलग रंग के जींस के चौकोर टुकड़ों को एक साथ पैच करके बनाई जाती है, जो देखने में काफी युनीक और कूल लगती हैं।

### बेल बॉटम जींस

पुराने जमाने में आपने हीरो-हीरोइन को फिल्मों में नीचे से खुली पैंट या जींस पहने देखा होगा। इस स्टाइल को बेल बॉटम स्टाइल कहते हैं। आजकल बेल बॉटम जींस का फैशन फिर से लौट आया है। ये जींस काफी कंफर्टेबल होती हैं। यंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वुमन बेल बॉटम जींस पहनना पसंद कर रही हैं।

### स्किन फिट जींस

इसके नाम से ही क्लियर है कि ये जींस कैसी होगा। ये पूरी तरह स्किन टाइट होती है। ज्यादातर लड़कियां स्किन फिट जींस पहनना पसंद करती हैं, लेकिन अगर कंफर्ट की बात करें तो ये उतनी आरामदायक नहीं होती। तब भी इस जींस का क्रेज लड़कियों में बना हुआ है। इसे आप अपनी मनपसंद कुर्ती या फिर टॉप के साथ कैरी कर सकती हैं।






# व्यक्तिगत रिश्ते बनाएं ताकि काम एवं जीवन में सहजता आए

**आज आप जितना कर सकती हैं, उससे अधिक करने की कोशिश न करें। अपनी गतिविधियों की छंटनी शुरू कर दीजिए और फिर अपनी कार्य-सूची पर पुनर्विचार कीजिए। जो चीजें बेकार एवं महत्वहीन हैं, उन्हें बाहर कर दीजिए। आप जो भी कर सकती हैं या करना चाहती हैं, उन तमाम चीजों को एक ही दिन में करने का प्रयास न करें। सबसे जरूरी चीज पर नजर रखें एवं प्राथमिकता के आधार पर उन्हें करें।**

### एक समय में एक ही काम

अपना समय केवल उन्हीं चीजों पर खर्च करें, जो आपके लिए महत्वपूर्ण हो। दो या उससे अधिक काम एक साथ करने से तौबा करें, तब भी जब चीजें आसान लगती हों या लगता हो कि आप कर लेंगी। जब आप एक से अधिक काम एक ही बार में करती हैं तो आपका ध्यान बंट जाता है। आप एकाग्रता खो देती हैं, जो कि बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है।

### कुछ उदाहरण

यदि आप एक साथ खाती एवं पढ़ती हैं तो आपका कुछ ध्यान पढ़ने पर और कुछ खाने पर होता है। आप कोई भी चीज ढंग से नहीं कर पाती हैं। जब आप टहलती हैं तो टहलें, जब आप बैठती हैं तो बैठें। भटकें नहीं। जब ड्राइव करें तो पूरा ध्यान रोप पर रखें। काफी ऊंची आवाज में संगीत सुनना या चालक एवं यात्री के बीच की बातचीत कई सड़क हादसों का कारण होती है। यदि आप यात्री हैं तो चालक को गाड़ी चलानें दें न कि उससे बातचीत करें।

### पांच गुण होना महत्वपूर्ण

किसी भी स्त्री या पुरुष में पांच गुण होना चाहिए। वे हैं- शिष्टाचार, उदारता, लगन, संकल्प एवं दया भाव। शिष्टाचार से आप बेइज्जती को अनदेखा कर सकती हैं, उदारता से सबको जीत सकती हैं। लगन से लोग आप पर विश्वास करेंगे और संकल्प एवं दया भाव से सफलता प्राप्त कर सकती हैं।अच्छी संगत, अच्छी किताबें एवं प्रार्थना- ये तीन चीजें किसी मनुष्य को तीनों लोकों का सम्राट बनाती हैं।

### सफलता नैसर्गिक नहीं होती

सफलता प्राप्त करने की प्रक्रिया नैसर्गिक नहीं है। सफलता हमें विरासत में नहीं मिलती। इसे हम अपने प्रयासों से पैदा करते हैं। यह हमारे कठिन परिश्रम एवं क्रियाओं की पुनरावृत्ति का काल होता है। संघर्ष जीवन है और जीवन की क्रियाएं ही इसे कर सकती हैं। हमें केवल सपने देखने वाला नहीं बल्कि आगे बढ़कर उसे करने वाला बनना चाहिए।

### सेमिनारों में कुछ नहीं

हम समय-समय पर प्रेरित करने वाले लोगों से मिलते रहते हैं या सेमिनारों में ऐसे भाषण सुनते रहते हैं। इस प्रकार के पारस्परिक क्रिया से हमें अपने तरीकों को सुधारने एवं काम करने की शैली की और बेहतर करने के उपाय मिलते हैं। हम उनको अपनाते हैं और महसूस करते हैं कि अपने आप को और बेहतर करें एवं जीवन में बदलाव लाने का रहस्य पा लिया है। यह पूरी गहमागहमी दो-चार दिनों में खत्म हो जाती है और हम फिर वहीं होते हैं जहां हम थे।

### ऊर्जा, समय व पैसे बचायें

याद रखिये सेमिनार एवं कार्यशाला में भाग लेना समय, ऊर्जा और पैसे की बर्बादी है, यदि हम उन चीजों को नहीं अपनाते, जो वे हम तक पहुंचाना चाहते हैं। यदि आपको कोई बेहतरीन आइडिया मिलता है तो आप अपने आप से पूछिए कि आप इससे क्या करने जा रहे हैं और आप इसे कैसे करेंगे। सभी बातों को लिखिए और फिर निर्णय लीजिए कि आप क्या करने जा रहे हैं। किन उपायों को लागू करना है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए और सब कुछ करने के लिए समय सीमा तय करनी चाहिए।

# टी20 विश्व कप पर आतंकी हमले का खतरा, आईसीसी और मेजबान देश अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के तुरंत बाद यूएसए और वेस्टइंडीज में 1 जून से टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। हालांकि, इस बीच टूर्नामेंट पर आतंकी हमले का साया आ गया है। वर्ल्ड कप के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं, लेकिन इस बीच आतंकी साजिश की खबर जो सामने निकल कर आई है उसने सबकी टेंशन बढ़ा दी है। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि वह टी20 विश्व कप के मेजबान देश- वेस्टइंडीज और यूएसए के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस मेगा-इवेंट पर आतंकी खतरे से निपटने के लिए पुख्ता तैयारी हो। पुरुषों का टी20 विश्व कप 1-29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाला है। कैरेबियाई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड को उत्तरी पाकिस्तान से वर्ल्ड कप मैचों के दौरान आतंकी हमले का अलर्ट प्राप्त हुआ है।




पुरुष टी20 विश्व कप पर आतंकी खतरे के बारे में पूछे जाने पर आईसीसी के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, आईसीसी उचित योजनाएं सुनिश्चित करने के लिए मेजबान देशों के साथ मिलकर काम कर रही है। रिपोर्ट सामने आते ही हमने तुरंत अधिकारियों से बात की और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सभी को आश्वासन दिया है कि किसी भी जोखिम से निपटने के लिए एक मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है। त्रिनिदाद के स्थानीय डेली एक्सप्रेस अखबार ने पीएम प्रधानमंत्री डॉ. कीथ रोवले के हवाले से लिखा, सुरक्षा एजेंसियां विश्व कप पर खतरे से निपटने के लिए काम कर रही हैं। यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग-अलग रूपों में बना हुआ है। हालांकि, इन खतरों को कम करने के लिए, हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हर खतरों के प्रति सतर्क रहे हैं और हमारी खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरे टूर्नामेंट के दौरान देशों और स्थानों पर सबकी सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं। वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के मैच एंटीगा एंड बारबुडा, बारबाडोस, गुयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस के अलावा त्रिनिदाद एंड टोबैगो में होंगे। अमेरिका के फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और डलास में भी मैच निर्धारित है, लेकिन वहां इन खेलों पर किसी खतरे का कोई संकेत नहीं है। सेमीफाइनल मुकाबले त्रिनिदाद और गुयाना में खेले जाएंगे, वहीं फाइनल बारबाडोस में खेला जाना है। दुनिया की टॉप-20 टीमों को पांच-पांच के चार समूहों में बांटा जाएगा। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर आठ के दो समूहों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए आगे बढ़ेंगी। सेमीफाइनल मुकाबले 26 और 27 जून को त्रिनिदाद और गुयाना में खेले जाएंगे, वहीं फाइनल 29 जून को बारबाडोस में खेला जाना है।सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।

## कोई धोनी को जाकर बताओ... नौवें नंबर पर बैटिंग करने उतरे माही पर भड़के इरफान पठान



**धर्मशाला, एजेंसी।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने महेंद्र सिंह धोनी को आड़े हाथों लेते हुए खरी-खरी सुना दी है। इरफान पठान की माने तो धोनी चेन्नई सुपरकिंग्स के सबसे अनुभवी प्लेयर हैं। उन्हें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और टॉप ऑर्डर में बैटिंग करने आना चाहिए। दरअसल, आईपीएल 2024 में रविवार को हुए मैच में धोनी पंजाब किंग्स के खिलाफ नौवें नंबर पर बैटिंग करने आए। अपने टी-20 करियर में यह पहला मौका था जब माही 9वें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे। ये पारी इस वजह से भी चर्चा में है क्योंकि धोनी पहली ही गेंद पर बिना कोई रन बनाए हर्षल पटेल की स्लोअर गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। पठान ने बताया, एमएस धोनी का नंबर 9 पर बल्लेबाजी करना सीएसके के लिए काम नहीं करेगा, इससे टीम को मदद नहीं मिलती है। मुझे पता है कि वह 42 साल के हैं, लेकिन वह ठोस फॉर्म में हैं। उन्हें ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्हें कम से कम 4 से 5 ओवर तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। वह आखिरी ओवर या आखिरी दो ओवर तक बल्लेबाजी कर रहे हैं और यह लंबे समय तक सीएसके के लिए उद्देश्य पूरा नहीं करता है। धोनी का बल्ले से यह सीजन शानदार रहा है, उन्होंने सात पारियों में 55 की औसत और 224.49 की स्ट्राइक रेट से 110 रन बनाए हैं। पठान ने कहा, ऐसा हो सकता है कि हम सीएसके को यहां से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करते देखेंगे और उन्हें अपने 90 प्रतिशत मैच जीतने होंगे। बतौर सीनियर प्लेयर धोनी को टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने की जरूरत है। उन्हें वही करना है जो उन्होंने कई मौकों पर किया है। जब टीम को उनकी जरूरत है तो आप शार्दुल ठाकुर को खुद से आगे नहीं भेज सकते। आप धोनी को नंबर 9 पर बल्लेबाजी करते हुए नहीं देख सकते।

## रियल मैड्रिड ने जीता रिकॉर्ड 36वां ला लीगा खिताब, 3-0 से हराया

**नई दिल्ली , एजेंसी।** मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सिलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। रियल मैड्रिड ने यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश फुटबाल लीग ला लीगा




का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सिलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लीगा का खिताब अपने नाम किया। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सिलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। बार्सिलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।

# सुनील नरेन ने लखनऊ में हासिल की खास उपलब्धि



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हरफनमौला खिलाड़ी सुनील नरेन का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में शानदार सफर जारी है। सुनील नरेन आईपीएल के इतिहास में 1500 से अधिक रन और 150 विकेट का दोहरा प्रदर्शन करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। सुनील नरेन ने यह उपलब्धि 5 मई 2024 को लखनऊ स्थित इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ हासिल की। सुनील नरेन ने मैच में 39 गेंद में 6 चौकों और सात छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। उनके रन 207.69 की स्ट्राइक रेट से आए। अपने आईपीएल करियर में नरेन ने 166.33 के स्ट्राइक रेट के साथ 17.32 की औसत से 1,507 रन बनाए हैं। उन्होंने एक शतक और सात अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 109 रन है।

### सुनील नरेन आईपीएल के 5वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर

सुनील नरेन का यह आईपीएल 2024 का भी अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वह 173 मैच मे 176 विकेट के साथ लीग के इतिहास में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। इस सीजन सुनील नरेन ने 41.90 के औसत और 183.66 की स्ट्राइक रेट से 461 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

### सुनील से पहले जडेजा और ब्रावो ने हासिल की यह खास उपलब्धि

सीएसके के रविंद्र जडेजा और ड्वेन ब्रावो अन्य दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने यह डबल हासिल किया है। रविंद्र जडेजा ने 27.30 के औसत और 129.08 की स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतकों के साथ 2,894 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 62 रन है। उन्होंने 237 मैच में 29.81 की औसत से 160 विकेट लिए हैं। इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 का है। ड्वेन ब्रावो अब संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर के दौरान 161 मैच में 22.60 की औसत और 129.56 की स्ट्राइक रेट से पांच अर्धशतकों के साथ 1,560 रन भी बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 70 रन है। उन्होंने 4/22 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े के साथ 183 विकेट भी लिए। ड्वेन ब्रावो आईपीएल के इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। सुनील नरेन ने इस आईपीएल में स्पिन के खिलाफ सिर्फ 63 गेंद में 25.00 के औसत से 125 रन बनाए हैं। हालांकि, इस दौरान वह पांच बार आउट भी हुए। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 198.4 है और उन्होंने उनके खिलाफ आठ चौके और 11 छक्के लगाए हैं।

### लखनऊ में 98 रन से जीती कोलकाता की टीम

लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच की बात करें तो एलएसजी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। सुनील नरेन के 81 रन, फिल साल्ट (14 गेंद, 32 रन,5 चौके, 1 छक्का), अंगकृष रघुवंशी (26 गेंद, 32 रन, 3 चौके, 1 छक्का) और रमनदीप सिंह (नाबाद 25 रन, 6 गेंद, 1 चौका, 3 छक्के) की ठोस पारियों के दम पर केकेआर ने 20 ओवर में 235/6 का स्कोर किया।लखनऊ की ओर से नवीन-उल-हक (3/49) ने शानदार गेंदबाजी की। यश ठाकुर, रवि बिश्नोई और युद्धवीर सिंह को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स 16.1 ओवर में 137 रन ही बना पाई। उसकी ओर से केएल राहुल (25), मार्कस स्टोइनिस (36), निकोलस पूरन (10), आयुष बदोनी (15), एश्टन टर्नर (16) ही दहाई का आंकड़ा छू पाए। हर्षित राणा ने 3.1 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए।

### सुनील नरेन और आंद्रे रसेल ने लखनऊ को उसके घर में रौंदा

नईदिल्ली, एजेंसी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (चचक्र) ने धमाल मचा दिया है. उसने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन के प्लेऑफ में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है. उसने यह उपलब्धि रविवार (5 मई) को लखनऊ सुपर जायंट्स (रुस्त्र) को 98 रनों से हराकर हासिल की. कोलकाता टीम ने 11 में से 8 मैच जीते हैं. इसी के साथ वो अब पॉइंट्स टेबल में राजस्थान रॉयल्स (ক্ক) को पछाड़कर टॉप पर काबिज हो गई है. दूसरी ओर लखनऊ टीम ने अब तक 11 में से 6 मुकाबले जीते हैं. इसके साथ ही यह टीम पॉइंट्स टेबल में एक पायदान फिसलकर पांचवें नंबर पर आ गई है. केकेआर और एलएसजी के बीच यह मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला गया, जिसमें टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए कोलकाता ने 236 रनों का टारगेट दिया. जवाब में लखनऊ टीम 16.1 ओवर में 137 रनों पर ही सिमट गई. लखनऊ टीम के लिए मार्कस स्टोइनिस ने सबसे ज्यादा 36 और कप्तान केएल राहुल ने 25 रन बनाए. इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रनों का आंकड़ा नहीं छू सका.

## पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर ने बताया अपना ड्रीम



**लाहौर, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन वेस्टइंडीज और यूएसए में संयुक्त रूप से किया जाएगा और इसमें भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 9 जून को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान को ग्रुप ए में रखा गया है जिसमें मेजबान यूएसके के अलावा कनाडा और आयरलैंड की टीम है। एक तरफ जहां दुनियाभर के क्रिकेट फैंस के इस मुकाबले का इंतजार है तो वहीं पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद भी इस मैच का बेताबी के साथ वेट कर रहे हैं। अबरार अपने देश के लिए इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए बेहद उत्सुक हैं और भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का विकेट लेने की उम्मीद कर रहे हैं।

अबरार अहमद ने दिसंबर 2022 में इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था और इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने पहला टेस्ट मैच खेला था, लेकिन इसके बाद टी20 में अपना डेब्यू करने के लिए उन्हें इंतजार करना पड़ा था और न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20आई सीरीज में उन्होंने पाकिस्तान के लिए इस प्रारूप में पदार्पण किया था। कीवी टीम के खिलाफ उन्होंने 5 में से 3 मैच खेले हैं और इसमें उन्होंने 5.75 की प्रभावशाली इकॉनमी रेट से दो विकेट लिए। 25 साल के इस खिलाड़ी को अब पाकिस्तान टी20 टीम में आयरलैंड और इग्लैंड दौरे के लिए चुना गया है और उन्हें उम्मीद है कि वो जून में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में कामयाब रहेंगे। इस प्रतिभाशाली गेंदबाज ने कहा कि उनका ध्यान अपने देश के लिए हर मैच जीतने पर है। लेकिन उनका सपना आगामी विश्व प्रतियोगिता में भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली का विकेट लेना है। उन्होंने जियो सुपर पर बात करते हुए कहा कि मैं हर मैच पर अपना ध्यान केंद्रित करूंगा और हमारी टीम में विश्व स्तरीय स्पिनर हैं और हमारा लक्ष्य पाकिस्तान के लिए मैच जीतना है। टी20 वर्ल्ड कप में हमारा लक्ष्य सभी टीमों को हराना होगा, लेकिन मेरा सपना विराट कोहली का विकेट लेना है। उन्होंने ये भी कहा कि मैं अपनी बल्लेबाजी में भी सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं।

# भारतीय महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने पेरिस ओलंपिक का टिकट किया पक्का, पुरुष टीम भी पीछे नहीं

**पेरिस ओलंम्पिक**

**बहामास, एजेंसी।** भारतीय महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इसके साथ ही भारतीय पुरुषों की 4×400 मीटर रिले टीम ने भी नासाउ, बहामास में विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट रेस के दौरान पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन ने तीन मिनट और 29.35 सेकेंड का समय लेकर हीट नंबर एक में जमैका (3ः28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले, भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट और 29.74 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रही थी।




### दूसरे स्थान पर रही पुरुष टीम

मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, आरोकिया राजीव और अमोज जैकब की पुरुष टीम ने तीन मिनट 3.23 सेकेंड के साथ अपनी हीट में अमेरिका (2ः59.95) के बाद दूसरे स्थान पर फिनिश किया। मालूम हो कि दूसरे दौर में तीनों हीट में शीर्ष दो पर रहने वाली टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा।

पुरुष टीम क्वालीफाइंग हीट के पहले दौर में दौड़ समाप्त करने में नाकाम रही थी क्योंकि सेकेंड लेग रनर राजेश रमेश को क्रैंप्स के कारण बाहर हटना पड़ा था। इस कोटा के साथ ही भारत के पेरिस ओलंपिक में 19 ट्रैक एंड फील्ड एथलीट हो गए हैं जिसमें टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक में एथलेटिक्स इवेंट एक अगस्त से शुरू होंगे।

# इस बच्चे ने एक ओवर में 6 छक्के मारे... जब राहुल द्रविड़ से श्रीसंत के झूठ ने बदली संजू सैमसन की किस्मत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर संजू सैमसन ने अपने आईपीएल सफल सफर के एक छिपे हुए अध्याय का खुलासा करते हुए बताया कि कैसे राहुल द्रविड़ से बोले गए एक झूठ ने उनकी किस्मत बदल दी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान और फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी सैमसन ने खुलासा किया कि पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और उस समय रॉयल्स के कप्तान द्रविड़ के बीच एक बातचीत से उनके लिए बड़ा मंच तैयार किया। दरअसल, वह श्रीसंत थे, जिन्होंने राहुल द्रविड़ से कहा था कि इस लड़के ने मुझे एक ओवर में 6 छक्के मारे।

सैमसन ने 2009 में कोलकाता नाइटराइडर्स के होनहार खिलाड़ियों में से एक




के रूप में आईपीएल में प्रवेश किया। तीन साल के इंतजार के बाद केकेआर ने 2012 के पहले सैमसन को साइन किया। हालांकि, बेंचों पर बैठे रहने के बाद उसी साल अपना पहला खिताब जीतने के बाद फ्रैंचाइजी ने सैमसन को बिना आजमाए ही रिलीज कर दिया। यह वही समय था जब सैमसन को अपनी योग्यता साबित करने की जरूरत थी।

एक वायरल वीडियो में सैमसन ने कहते दिख रहे हैं- केकेआर के साथ होने के कारण मुझे कोई मौका नहीं मिल रहा था। लेकिन आरआर के खिलाफ मैच के दौरान जब राहुल द्रविड़ उनकी कप्तानी कर रहे थे तो श्रीसंत ने उन्हें होटल लॉबी में देखा और मेरी मदद की। उन्होंने उनसे कहा- केरल का एक लड़का है, जिसने मुझे स्थानीय टूर्नामेंट में एक ओवर में छह छक्के लगाए हैं। हमें निश्चित रूप से उसे एक ट्रायल देना चाहिए।


श्रीसंत की ओर से बोला गया यह झूट सैमसन के लिए गेम चेंजर साबित हुआ। रॉयल्स ने उन्हें चुना और 2013 में अपने डेब्यू के बाद से ही वे उनकी टीम में एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गए हैं। एक होनहार बल्लेबाज से लेकर फ्रैंचाइजी का पोस्टर बॉय बनने और अब इसके कप्तान बनने तक सैमसन ने सब कुछ देखा है। सैमसन की कहानी की पुष्टि तब हुई जब श्रीसंत ने स्वीकार किया कि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज को आरआर सेट-अप में लाने के लिए उन्होंने झूठ का सहारा लिया।




## प्रियंका चोपड़ा की जाहिर की खुशी

# यूनिसेफ इंडिया की नेशनल एंबेसडर बनीं करीना

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान को हाल ही में यूनिसेफ इंडिया का नेशनल एंबेसडर नियुक्त किया गया है। यूनिसेफ के साथ अपनी शानदार यात्रा को लेकर करीना बेहद खुश हैं। अभिनेत्री साल 2014 से यूनिसेफ इंडिया के साथ जुड़ी हुई हैं। इतने वर्षों से वे सेलिब्रिटी एडवोकेट के रूप में संगठन से जुड़ी थीं। अपनी इस उपलब्धि में एक और उपलब्धि जोड़ते वह इसकी नेशनल एंबेसडर बन गई हैं। उनकी दोस्त और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। प्रियंका चोपड़ा ने करीना कपूर को यूनिसेफ इंडिया की नेशनल एंबेसडर बनने पर बधाई दी है। देसी गर्ल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बेबी की तस्वीर साझा कर एक नोट लिखा है। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, परिवार में आपका स्वागत है करीना कपूर खान, बहुत योग्य। प्रियंका 2006 से यूनिसेफ के साथ जुड़ी हुई हैं। उन्हें 2010 और 2016 में बाल अधिकारों के लिए नेशनल और ग्लोबल यूनिसेफ गुडविल एम्बैस्डर नियुक्त किया गया गया था। वह पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं के अधिकारों समेत कई मुद्दों की वकालत करती हैं। करीना ने अभिनेत्री के पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा, धन्यवाद पीसीजे। जल्द ही फिर मिलेंगे। इसके साथ उन्होंने एक लाल दिल वाला इमोजी साझा किया है। यूनिसेफ इंडिया का नेशनल एंबेसडर नियुक्त होने पर करीना कपूर को कई सितारे शुभकामनाएं दे रहे हैं। इनमें मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा, आयुष्मान खुराना और उनकी ननद सबा पटौदी समेत कई लोग शामिल हैं। करीना ने यूनिसेफ इंडिया का नेशनल एंबेसडर बनने पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा, मेरे लिए एक भावनात्मक दिन। मैं यूनिसेफ भारत की नेशनल एंबेसडर नियुक्त होने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं। पिछले 10 वर्षों में यूनिसेफ इंडिया के साथ काम करना वास्तव में बहुत ज्ञानवर्धक रहा है। हमने जो काम किया है उस पर मुझे गर्व है और मैं बाल अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने तथा सभी बच्चों के लिए समान भविष्य के लिए आवाज बनने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रही हूं। इसके साथ ही उन्होंने पूरी टीम को धन्यवाद कहा।





# 1942 ए लव स्टोरी के लिए विधु विनोद चोपड़ा की पहली पसंद थे शाहरुख खान

विधु विनोद चोपड़ा ने बताया कि 1942 ए लव स्टोरी के लिए पहली पसंद शाहरुख खान थे?। विधु विनोद के मुताबिक, शाहरुख स्टार नहीं थे और उन्होंने ही एक्टर को पहला ऑफर दिया था। शाहरुख खान ने अपने करियर में राजकुमार हिरानी के साथ तो काम किया, लेकिन उनके जोड़ीदार विधु विनोद चोपड़ा के साथ अब तक कोई फिल्म नहीं की है। हालांकि शाहरुख और विधु विनोद चोपड़ा पिछले करीब तीन दशकों से एक साथ आने की प्लानिंग कर रहे हैं। विधु विनोद चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में मजेदार खुलासा किया। उन्होंने बताया कि फिल्म 1942-ए लव स्टोरी में पहले शाहरुख काम करने वाले थे। फिल्म के लिए अनिल कपूर नहीं, बल्कि शाहरुख खान पहली पसंद थे। 12वीं फेल के डायरेक्टर ने केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में चैट के दौरान यह खुलासा किया। विधु विनोद चोपड़ा ने बताया, शाहरुख का मेरे साथ एक इतिहास रहा है। जब मैं 1942-ए लव स्टोरी बना रहा था तो मैंने उनका काम देखा था। रेनू ( विधु विनोद की तत्कालीन पत्नी ) ने माया मेमसाब नाम की एक फिल्म एडिट की थी।





# मुन्ना भाई की अगली किस्त पर सर्किट ने दिया चौंकाने वाला बयान

बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी को लोग सर्किट कहकर भी बुलाते हैं। फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में उन्होंने सर्किट का किरदार निभाया था। उनका किरदार दर्शकों का खूब पसंद आया था। दर्शक इस फ्रैंचाइजी की अगली किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। संजय दत्त और अरशद पहली की 2003 में आई फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस और 2006 में लगे रहो मुन्ना भाई ने दर्शकों को खूब हंसाया था। अरशद ने हाल ही में फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर बात की है। अरशद वारसी से हाल ही में एक बातचीत में पूछा गया कि क्या मुन्ना भाई फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म बन रही है। इसके जवाब में अभिनेता ने कहा, विधु विनोद चोपड़ा इसे बनाना चाहते हैं। राजकुमार हिरानी भी इसे बनाना चाहते हैं। संजय दत्त भई इसे करना चाहते हैं। मैं भी इसे करूंगा। देश इसे देखना चाहता है। मगर अभी ये बन नहीं रही है। उन्होंने बताया, राजू के पास सीक्वल के लिए तीन शानदार स्क्रिप्ट हैं, जिनमें कुछ चीजें यहां-वहां गायब हैं। मगर मुझे नहीं लगता कि ऐसा हो रहा है। शायद, काफी समय बीत चुका है। मैंने राजू से कहा कि जो शुरू होता है, उसका अंत भी होता है। ऐसा लगता है कि हमने इंटरवल पर छोड़ दिया है। हर कोई अधीर है क्योंकि यह अभी खत्म नहीं हुई है। मुन्ना भाई सीरीज को बंद करने की जरूरत है। मुन्ना भाई एमबीबीएस में संजय दत्त और अरशद वारसी के अलावा जिमी शेरगिल, ग्रेसी सिंह, बोमन ईरानी और सुनील दत्त ने भी अभिनय किया था। मुन्ना और सर्किट की जोड़ी खूब हिट हुई थी। इसके बाद लगे रहो मुन्ना भाई में भी इनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था।



# रामायण में माता सीता बनेंगी अंजलि अरोड़ा

नितेश तिवारी की रामायण के बारे में तो हर कोई सुन रहा है। दूसरी तरफ, अभिषेक सिंह भी श्री रामायण कथा लेकर आ रहे हैं और इस फिल्म में माता सीता के रोल के लिए अंजलि अरोड़ा को चुना गया है। एक्ट्रेस ने हाल ही में रोल मिलने पर बात की है और खुद को धन्य कहा है। अंजलि ने कहा, मैं इस रोल की पेशकश पाकर धन्य महसूस कर रही हूं। देवी सीता का चरित्र इतना पवित्र है कि इसे कोई भी नकार नहीं सकता एक ही हिंदू महाकाव्य पर आधारित दो फिल्मों के साथ, दूसरी एक्ट्रेस के साथ उनकी तुलना भी होगी और अंजलि इससे इनकार नहीं करती हैं

नितेश तिवारी की रामायण की चर्चा हर तरफ हो रही है, जिसमें रणबीर कपूर और साई पल्लवी भगवान राम और देवी सीता की भूमिका निभा रहे हैं। ये फ्लोर पर चली गई है। इसी बीच, हिंदू महाकाव्य का एक और रूपांतरण चल रहा है। अभिषेक सिंह के डायरेक्शन में बनी प्रकाश महोबिया और संजय बुंदेला की श्री रामायण कथा में सीता के रोल में अंजलि अरोड़ा नजर आएंगी, जिन्होंने लॉक अप में भी हिस्सा लिया था।

देवी सीता का चरित्र इतना पवित्र है कि इसे कोई भी नकार नहीं सकता। यह जानने की उत्सुकता थी कि डायरेक्टर ने मुझे क्यों चुना, मैंने उनसे पूछा और उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ हीरोइनों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिनमें मैं भी शामिल हूं। मेरा मानना है कि उन्होंने मुझमें कुछ ऐसा देखा जिससे उन्हें यकीन हो गया कि मैं किरदार के साथ न्याय कर सकती हूं। मुझे पिछले महीने फाइनल किया गया था और तब से, मैं वीडियो देख रही हूं, पढ़ रही हूं और सीख रही हूं। मैं किरदार के साथ न्याय करने के लिए अपना बेस्ट दूंगी।

**दूसरी एक्ट्रेस से तुलना होने पर बोलीं अंजलि अरोड़ा**

एक ही हिंदू महाकाव्य पर आधारित दो फिल्मों के साथ, दूसरी एक्ट्रेस के साथ उनकी तुलना भी होगी और अंजलि इससे इनकार नहीं करती हैं। दरअसल, वह तुलना की उम्मीद कर रही हैं। वह कहती हैं, मुझे पता है कि तुलनाएं होती रहती हैं और तुलनाओं से कोई नहीं डरता?

# एनिमल

## स्टार बॉबी देओल तीन शादियों पर बोले...

बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल शनिवार रात को द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए एपिसोड में अपने बड़े भाई सनी देओल के साथ बतौर मेहमान शामिल हुए थे। इस एपिसोड में वे अपनी फिल्मों के अलावा अपनी निजी जिंदगी और अपनी प्यारी पत्नी तान्या देओल के बारे में बातें करते दिखाई दिए। आइए आपको बताते हैं बॉबी देओल ने अपनी पत्नी और अपनी शादी के बारे में क्या कुछ कहा - द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए एपिसोड में बॉबी देओल और उनके भाई सनी देओल ने अपनी मजेदार बातों से दर्शकों के दिलों को लुटते दिखाई दिए। कपिल शर्मा के साथ बॉबी देओल खुलकर बातें करते नजर आए। कपिल ने बॉबी देओल से कहा कि उनके कुछ फैंस ने उनसे कुछ सवाल पूछे हैं। कपिल शर्मा हंसते हुए बॉबी देओल से कहते हैं, बॉबी भाई आपसे आपके फैंस ने पूछा है कि एनिमल में आपने तीन शादियां की हैं। वे भी तीन शादी करना चाहते हैं। उन्हें क्या करना चाहिए। कपिल शर्मा के सवाल को सुनकर को बॉबी देओल मुस्कुराते हुए कहते हैं, अब हम क्या करें। रोमांस के मामले में हम देओल ऐसे ही हैं। हमारा प्यार से दिल भरता ही नहीं हैं। बॉबी देओल अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, यह सब मजाक है। मैं सच्चे प्यार में विश्वास करता हूं। मैं पिछले 28 साल से तान्या के साथ हूं और मैं बेहद खुश हूं। मेरी शादी को 28 साल हो गए हैं और हर दिन मैं खुद को तान्या के प्यार में पाता हूं। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मेरे पास तान्या हैं। वे बेहद सरल और सुंदर महिला हैं। बॉबी देओल की यह बात दर्शकों को काफी पसंद आती है। वे खड़े होकर उनके लिए तालियां बजाते हैं।



# कंगना रनौत ने अमिताभ बच्चन से की अपनी तुलना तो उड़ा मजाक



कंगना रनौत जब से राजनीति में उतरी हैं, तब से वह लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत इन दिनों जमकर कैंपेन कर रही हैं। उनके भाषण लगातार चर्चा में हैं। हाल ही मंडी में एक भाषण के दौरान कंगना रनौत ने अपनी तुलना सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से कर दी। कंगना ने कुछ ऐसा कर दिया कि वह ट्विटर पर ट्रेंड होने लगी हैं और यूजर्स भी उनकी खिंचाई कर रहे हैं। कंगना का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अगर अमिताभ बच्चन के बाद किसी को सबसे अधिक प्यार और सम्मान मिलता है, तो वह उन्हें मिलता है। वीडियो में कंगना रनौत कह रही हैं, सारा देश परेशान है, कि वो कंगना, चाहे राजस्थान चली जाऊं, चाहे मैं पश्चिम बंगाल चली जाऊं, चाहे मैं दिल्ली चली जाऊं, चाहे मैं मणिपुर चली जाऊं...ऐसा लगता है कि मानो इतना प्यार और इतना सम्मान...मैं दावे से कह सकती हूं कि इतना प्यार और इतना सम्मान अमिताभ बच्चन जी के बाद आज किसी को इंडस्ट्री में मिलता है, तो वो मुझे मिलता है।

# अरनमनई 4 में तमन्ना के अभिनय के मुरीद हुए विजय वर्मा

तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की फिल्म अरनमनई 4 दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। फिल्म में तमन्ना के अभिनय को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय वर्मा ने दिल खोलकर तारीफ की है। हॉरर कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना ने अहम भूमिका निभाई है।

रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है। पहले दिन 4.65 करोड़ की कमाई से खाता खोलने वाली इस मूवी ने दूसरे दिन इससे भी ज्यादा नंबर्स में कमाई की। अरनमनई 4 ने दूसरे दिन 6.25 करोड़ का बिजनेस किया है। इससे फिल्म का टोटल कलेक्शन 10.90 करोड़ का हुआ है।

यह फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म में राशी खन्ना और तमन्ना भाटिया के लाजवाब अभिनय के सभी लोग कायल हो गए हैं। अब इस फिल्म में तमन्ना के अभिनय को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है।

### विजय वर्मा का स्पेशल पोस्ट

तमन्ना भाटिया की फिल्म अरनमनई 4 को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड और अभिनेता विजय वर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। इस पोस्ट में विजय ने तमन्ना की एक्टिंग के तारीफों के पुल बांध दिए हैं। विजय ने अरनमनई 4 का एक स्क्रीशॉट लगाया है साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, शानदार प्रतिक्रिया मिलने के लिए बहुत बधाई... यूं ही काम करते रहो... अरनमनई 4।

### फिल्म अरनमनई की चौथी किस्त है अरनमनई 4

फिल्म अरनमनई 4 से पहले 2021 में रिलीज हुई अरनमनई 3 को दर्शकों ने पसंद किया था। कहानी उस व्यक्ति की है, जो भूतिया हवेली में होने वाली चीजों से अनजान और परेशान एक गुत्थी को सुलझाने के लिए आया है। फिल्म में तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना के अलावा संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला, योगी बाबू अहम भूमिका में नजर आए।



# अदिति राव हैदरी ने भंसाली के साथ काम करने का अनुभव किया साझा

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इस सीरीज को लेकर दर्शक शुरुआत से ही उत्साहित हैं। हीरामंडी एक मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। एक तरफ सीरीज को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर इसे आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ रहा है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्रियों में से एक अदिति राव हैदरी ने हाल ही में हीरामंडी में संजय लीला भंसाली के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। अदिति राव हैदरी ने हाल ही में बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान संजय लीला भंसाली ने उन्हें कई बार डांटा था। यहां तक की भावनात्मक सीन के समय उन्हें लंच ब्रेक भी नहीं दिया था। उन्होंने शूटिंग के दौरान का एक पल साझा करते हुए बताया थकान और कोविड से ठीक होने की वजह से भंसाली का मार्गदर्शन उन्हें रास नहीं आ रहा था। शुरू में उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा था।

# ईशा मालवीय संग ब्रेकअप पर निकाली समर्थ जुरेल ने भड़ास

उडारियां एक्ट्रेस ईशा मालवीय और समर्थ जुरेल का ब्रेकअप हो चुका है। दोनों अब साथ नहीं। बिग बॉस 17 में साथ दिखाई दिए थे। लेकिन शो के चंद महीने बाद ये अलग हो गए। अब समर्थ ने ईशा को मौकापरस्त बताया है और ब्रेकअप को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। समर्थ जुरेल ने आखिरकार ईशा मालविया से अपने ब्रेकअप पर चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में समर्थ ने ईशा को मौकापरस्त बताया और कहा कि वह पपाराजी के सामने ही उनके साथ फोटो खिंचवाएंगी। वैसे उनको कोई मतलब नहीं। ईशा मालविया और समर्थ जुरेल का पिछले महीने की शुरुआत में ब्रेकअप हो गया था। और दोनों ने ही इस बारे में कंफर्म किया था। बात करते हुए, समर्थ जुरेल ने कहा, वो वास्तव में बहुत बड़ी मौकापरस्त है। उसका ऐसा था कि, कोई भी इवेंट हो रहा है या कोई भी फंक्शन हो रहा है तो मुझसे बात करने लग जाएगी। उदाहरण के लिए, होली फंक्शन था, हमारी बातचीत एकदुम बंद थी। लेकिन एक दिन पहले से मुझसे बात करने लग गई कि तू आ रहा है ना? मेरे को बाहर तक इसलिए ले गई क्योंकि पैप्स खड़े थे, ताकी हमारी स्पॉटिंग हो जाए। पता चल जाएगा लोगो को कि हम साथ हैं।



